# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## नववर्ष के पहले दिन छाईं खुशियां

## पीएम नरेंद्र मोदी बोले, नए साल की शानदार शुरुआत





# इसरो ने रचा इतिहास

## एक्सपोसैट मिशन लॉन्च, ब्लैक होल और न्यूट्रॉन स्टार्स के खुलेंगे राज

**21** मिनट बाद 650 किमी दूर कक्षा में स्थापित

**04** चरण को 350 किमी दूर की कक्षा में लाए फिर नीचे लाए

**10** पेलोड रॉकेट के साथ भेजे गए, भारत का ऐसा पहला मिशन


भाषा ▶▶| श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में ब्लैक होल का अध्ययन करने में मदद करने वाले अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह(एक्सपोसैट) का सोमवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के साथ 2024 की शुरुआत की। एक्सपोसैट में ब्लैक होल और न्यूट्रॉन स्टार्स के अध्ययन के लिए दो पेलोड पोलिक्स और एक्सपेक्ट लगे हैं। 21 मिनट बाद इन्हें पृथ्वी की 650 किमी ऊपर की कक्षा में स्थापित किया गया। इसके अलावा, स्पेस टेक स्टार्टअप ध्रुव स्पेस, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस, टीएम-2 स्पेस के पेलोड भी पीएसएलवी रॉकेट के साथ भेजे गए हैं। कुल 10 पेलोड इस रॉकेट के साथ भेजे गए हैं। यह भारत का पहला और 2021 में लॉन्च नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलरिमेट्री एक्सप्लोरर (आईएक्सपीई) के बाद दुनिया का दूसरा पोलरिमेट्री मिशन भी है। एक्सपोसैट एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा।



### यह बोले सोमनाथ

सोमनाथ ने सभी को नए साल की बधाई दी और कहा कि 2024 का साल गगनयान का होगा। इस साल गगनयान मिशन की 2 टेस्ट फ्लाइट होगी, जिसके बाद अनमैन्ड मिशन प्लान किया गया है। इसके अलावा कई सारे अन्य मिशन है। इसरो के लिए ये साल काफी हेक्टिक होने वाला है।



### मिशन गगनयान

सोमनाथ ने कहा कि हमने गगनयान के लिए इस वर्ष परीक्षणों की श्रृंखला तैयार की है। इस साल 12 से 14 अभियान अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। वर्ष 2024 गगनयान की तैयारियों का वर्ष होने जा रहा है। हालांकि यह मिशन 2025 के लिए लक्षित है, लेकिन सभी तैयारियां इसी साल कर ली जाएंगी।

### कचरा न हो इसलिए चौथी स्टेज को नीचे लाए

इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ ने बताया कि रॉकेट की चौथी स्टेज को एक्सपेरिमेंट के लिए 650 किमी ऊपर रखा जा सकता था, लेकिन इससे स्पेस में डेब्री (कचरा) क्रिएट होती। इसी कारण हम चौथी स्टेज को 350 किमी की ऑर्बिट में लेकर आए, ताकि यह एक्सपेरिमेंट के बाद नष्ट हो जाए।

## गुजरात में सूर्य नमस्कार का बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

**4,000** लोगों ने लिया भाग

**108** स्थानों पर सूर्य नमस्कार

*महेसाणा। नए साल की पहली सुबह गुजरात के महेसाणा में स्थित मोढेरा सूर्य मंदिर में सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। कार्यक्रम में 4,000 लोगों ने 108 स्थानों पर एक साथ सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह मंत्री हर्ष सांघवी भी मौजूद रहे। मोढेरा सूर्य मंदिर में गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि आज 4000 से अधिक लोगों ने 'सूर्य नमस्कार' में हिस्सा लिया। योग को दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। आज गुजरात ने सबसे ज्यादा लोगों के एक साथ सूर्य नमस्कार करने का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।*

## उज्जैन-काशी में 14 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन किए

**उज्जैन।** नए साल के उपलक्ष्य में धार्मिक स्थलों पर पूजा और अरदास भी जारी रही। देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 2024 की पहली भस्म आरती की गई। यहां सोमवार को 10 लाख अधिक लोगों ने दर्शन किए। वहीं, वाराणसी में दशाश्वमेध घाट पर पहली गंगा आरती और सूर्य पूजा की गई। काशी में दोपहर के 2 बजे तक 4 लाख भक्तों ने दर्शन किए। दोनों धर्मस्थलों पर 16 लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। भीड़ को देखते हुए दोनों मंदिरों में वीआईपी दर्शन बंद हैं। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर का पट सुबह 4 बजे खोला गया। इसके बाद महाकाल का गर्म जल से अभिषेक किया गया। 6 बजे तक करीब 45 हजार श्रद्धालुओं ने चलित भस्म आरती देखी।



## झूमा बाजार: ऑलटाइम हाई बनाया



**मुंबई।** नए साल के पहले दिन शेयर बाजार ने नया ऑलटाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 72,561 और निफ्टी 21,834 के स्तर पर पहुंचा। हालांकि इसके बाद इसमें थोड़ी गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 31 अंक की बढ़त के साथ 72,271 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 10 अंक की बढ़त रही, यह 21,741 के स्तर पर बंद हुआ था।

**सोना: 46 रुपये महंगा होकर 63,302 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।**

**चांदी: 229 रुपये महंगी होकर 624 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची।**



### जीएसटी संग्रह दिसंबर में 1.64 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

## प्रदेश के नियमित कर्मियों को मिलेगी कैशलेस सुविधा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने नववर्ष के अवसर पर सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का तोहफा दिया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और सीएम मनोहर लाल ने सोमवार को आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। सरकार ने 1 नवंबर, 2023 को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा दो विभागों मत्सय व बागवानी के कर्मचारियों के लिए शुरू की थी। अब सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए विस्तारित कर दिया है। इस योजना को पायलट आधार पर बागवानी और मत्स्य पालन विभाग, आईएएस, आईपीएस और आईएफओएस के कर्मचारियों और उनके आश्रितों तक भी बढ़ाया जा रहा है। यह योजना आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण (राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।



**इन बीमारियों में फायदा :** इस योजना में इस योजना के तहत न सिर्फ गंभीर बीमारियों को कवर किया जाएगा, बल्कि सभी प्रकार के इनडोर उपचारों व डे केयर प्रक्रियाओं को कवर किया जाएगा। गंभीर बीमारियों में हृदय संबंधी आपात स्थिति, मस्तिष्क रक्तस्राव, कोमा, बिजली का झटका, तीसरी और चौथी स्टेज का कैंसर और दुर्घटनाओं को कवर करेगी। ये सेवाएं डीजीएचएस के पैनल में शामिल सभी अस्पतालों में लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होंगी।






### सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती शिविर नौ फरवरी से


**नई दिल्ली।** पुरुष और महिला पहलवानों के लिए राष्ट्रीय कुश्ती शिविर नौ फरवरी से क्रमशः सोनीपत और पटियाला में शुरू होगा। कुश्ती के संचालन के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग और विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों को देखते हुए पांच फरवरी को जयपुर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के समापन के तुरंत बाद शिविर शुरू होंगे। तदर्थ समिति की अगुआई भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा कर रहे हैं। भाषा

### लेह में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना जरूरी

**लेह/लद्दाख।** कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर लेह जिला प्रशासन ने सोमवार को कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य होगा। लेह में पिछले सप्ताह कोविड-19 के 11 मामले सामने आए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष सुखदेव ने एक आधिकारिक आदेश में कहा, कोरोना के मामलों में वृद्धि हो रही है अलर्ट रहें। भाषा

## लॉरेंस का करीबी गोल्डी बराड़ आतंकवादी घोषित

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के राइट हैंड और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित कर दिया है। गोल्डी बराड़ पंजाब में टारगेट किलिंग, एक्सटॉर्शन के साथ-साथ बॉर्डर पार से हथियारों और ड्रग की स्मगलिंग में शामिल है। गोल्डी पर लॉरेंस बिश्नोई के साथ पहले यूएपीए के तहत केस दर्ज हुआ था। 29 मई 2022 को कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवा कर सोशल मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ली थी।



**विदेश में बैठकर करवा रहा टारगेट किलिंग**
पंजाब में टारगेट किलिंग हथियार और ड्रग्स की तस्करी में शामिल

### बब्बर खालसा से जुड़ा

बराड़ को गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम एक्ट (यूएपीए) के तहत आतंकी घोषित किया है। इससे जुड़ी नोटिफिकेशन सोमवार को जारी की गई। जिसमें कहा कि गोल्डी बराड़ खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा है और साजिशों में शामिल है। गृहमंत्रालय ने 30 दिसंबर को पंजाब के गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को आतंकी घोषित किया था।

## जीजेयू में 10 रेगुलर और 7 डिस्टेंस के कोर्स शुरू होंगे

**हिसार (हिसार)।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि इस वर्ष नए एकेडमिक प्रोग्राम्स आरंभ करेगा। ये सभी एकेडमिक प्रोग्राम्स वर्तमान समय की मांग के अनुरूप और रोजगारपरक होंगे। एकेडमिक प्रोग्राम्स नियमित व दूरस्थ शिक्षा दोनों ही माध्यमों से आरंभ किए जाएंगे। साथ ही पार्ट-टाइम पीएचडी कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। इससे सेवारत आवेदकों को पीएचडी करने का मौका मिलेगा। यह जानकारी विवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने नववर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को दी।

### ये रेगुलर कोर्स

नए सत्र से पांच वर्षीय बीकॉम-एमकॉम इंटेग्रेटिड, पांच वर्षीय बीसीए-एमसीए इंटेग्रेटिड, बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड डाटा साईंस, बीएएलएलबी, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, एमएससी जियोग्राफी, पांच वर्षीय बीए-एमएससी जियोग्राफी इंटेग्रेटिड, डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीक्स तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी नए एकेडमिक प्रोग्राम्स आरंभ किए जाएंगे। पार्ट-टाइम पीएचडी कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। इससे सेवारत आवेदकों को पीएचडी करने का मौका मिलेगा।

### ये डिस्टेंस कोर्स

एमबीए जनरल, एमकॉम, एमए मास कम्युनिकेशन, एमसीए, बीसीए, डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस, एमए हिंदी तथा डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड डाटा साईंस शामिल हैं।

**आपदा** वाजिमा शहर में 4 फीट ऊंची लहरें उठीं, हर तरफ हड़कंप

## जापान में 7.6 तीव्रता का भूकंप, 2 लोगों की मौत, 35,000 घरों की बिजली गुल

भाषा ▶▶| तोक्यो

जापान में सोमवार को 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद यहां सुनामी आ गई। वाजिमा शहर में करीब 4 फीट ऊंची (1.2 मीटर) लहरें उठीं। हालांकि, शाम को सरकार ने सुनामी की हाईएस्ट वॉर्निंग वापस ले ली। समुद्र के किनारे पर रहने वालों से कहा गया है कि वो फिलहाल घर न लौटें, क्योंकि ऊंची लहरों का खतरा लौट सकता है। वाजिमा शहर में एक बिल्डिंग ढह गई। इसके मलबे में दबने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि 4 घायल हैं। 35,000 घरों में बिजली नहीं है। नॉर्थ कोरिया और रूस ने भी सुनामी का अलर्ट जारी किया था। बता दें कि पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए जाने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की और लोगों से जल्द सुरक्षित स्थानों पर चले जाने को कहा गया। (पैकेज पेज-8 पर)



### 42 आफ्टरशॉक्स आए

जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप इशिकावा प्रांत के अनामिज़ु शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 10 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12:40 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कुल 42 आफ्टरशॉक्स आए हैं। सभी की तीव्रता 3.4 से 4.6 के बीच रही।




## 18 वरिष्ठ आईएएस अफसरों का तबादला

**मनदीप सिंह बराड़** : महानिदेशक सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, महानिदेशक खनन एवं भूविज्ञान तथा मिशन निदेशक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का कार्यभार सौंपा
**डी सुरेश** : मानव संसाधन विभाग का प्रधान सचिव लगाया
**विजय दहिया** : आयुक्त करनाल डिवीजन संभालेंगे
**अमित अग्रवाल** : मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव, प्रोजेक्ट डायरेक्टर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम और एमडी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम
**आशिमा बराड़** : मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा महानिदेशक एवं सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कल्याण, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग श्रेणियां और अंत्योदय (सेवा) विभाग
**सीजी रजनीकांथन** : महानिदेशक उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, महानिदेशक एमएसएमई तथा नागरिक उड्डयन विभाग का सलाहाकार लगाया गया है। पीसी मीणा को महानिदेशक दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम लगाया गया
**ए श्रीनिवास** : सीईओ फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन विकास अथारेटी तथा प्रबंध निदेशक हरको बैंक को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा सीईओ गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन विकास अथॉरिटी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया
**शेखर विद्यार्थी** : महानिदेशक एवं सचिव पुरातत्व विभाग तथा महानिदेशक तथा सचिव राज्य परिवहन लगाया
**साकेत कुमार** : प्रबंधक निदेशक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, तथा महानिदेशक मेडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा
**केएम पांडुरंग** : एमडी वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, सीईओ मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी पंचकूला और सीईओ मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी सोनीपत लगाया गया
**जयवीर सिंह आर्य** : विशेष सचिव वित्त विभाग लगाया गया
**राजनारायण कौशिक** : निदेशक कृषि विभाग लगाया गया
**जितेन्द्र कुमार-1** : निदेशक सेकेण्डरी एजुकेशन तथा विशेष सचिव स्कूल एजुकेशन के साथ साथ स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद लगाया
**आदित्य दहिया** : उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा विशेष सचिव स्वास्थ्य विभाग तथा मिशन निदेशक, नेशनल हेल्थ मिशन और सीईओ आयुष्मान भारत हरियाणा हेल्थ प्रोटेक्शन अथॉरिटी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा
**अमित खत्री** : निदेशक तथा सचिव टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, निदेशक शहरी सम्पदा, निदेशक तथा विशेष सचिव पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग तथा सीईओ कौशल रोजगार निगम लगाया गया
**नरहरि सिंह बांगड़** : जिला नगर आयुक्त तथा आयुक्त नगर निगम गुरूग्राम लगाया गया है।
**सचिन गुप्ता** : जिला नगर आयुक्त पंचकूला को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा प्रशासक एचएसवीपी मुख्यालय का अतिरिक्त कार्यभार

## खबर संक्षेप

### जेजेपी ने किसान प्रकोष्ठ का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 111 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, किसान प्रकोष्ठ के प्रभारी अवतार चीका, प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह मान व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद किसान सेल में 28 वरिष्ठ पदाधिकारियों, एक जिला संयोजक और 82 हलका अध्यक्षों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। जेजेपी किसान सेल में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर सरताज कुंडू, महम सिंह, कृष्ण घणघस, सरदार हरी सिंह, दिलबाग नंबरदार और ज्ञानी राम को नियुक्त किया है।


### अंत्योदय के सपने को साकार कर रही यात्रा

**फरीदाबाद/चंडीगढ़।** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के दर्द और पीड़ा को समझते और जानते हैं कि निदान कैसे होगा। लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास रखते है। केंद्रीय भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक नरेंद्र गुप्ता सोमवार सेक्टर-15 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। गुर्जर ने फरीदाबाद में यात्रा के दौरान सर्वप्रथम शहरवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और यात्रा के बारे में जानकारी दी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक सवा तीन लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच

## मंत्री, विधायक और अधिकारी सुन रहे समस्याएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



■ विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक राज्य के 3911 ग्राम पंचायत/वार्ड में पहुंच चुकी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का गरीब लोगों को खास फायदा मिल रहा है। गांव के जो लोग अपने कार्यों के लिए शहर स्थित कार्यालयों में नहीं जा पा रहे थे , अब इस यात्रा के माध्यम से उनके काम गांव , मौहल्ले में ही हो रहे हैं। प्रदेश में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा में प्रतिदिन लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, इसलिए हर रोज इस यात्रा में लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक राज्य के 3911 ग्राम पंचायत/वार्ड में पहुंच चुकी है। इसके अलावा , निरोगी हरियाणा योजना के तहत 3,24,607 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत आवेदन 94,396 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। यात्रा के दौरान लगाए जा रहे सेवा कैंप में 1,04,143 लोगों की काउंसलिंग की गई है और परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए 1,30,956 आवेदन किये गए है। किसानों द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना के तहत 37,088 आवेदन भरे गए। इसी प्रकार , विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 25,306 स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं और 12,194 स्वामित्व रजिसट्रियां वितरित की गई हैं। यात्रा में 12,194 लोगों को लोन और एडवांस वितरित किए गए तथा सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग द्वारा 7,256 लोगों को उनके द्वारा मांगी गई जानकारियां दी गई। उन्होंने आगे बताया कि यात्रा के दौरान 23,420 अन्य शिकायतें मिली हैं जिनका जल्द ही विभागों द्वारा समाधान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। अनेक योजनाओं को इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है और मौके पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## 249763 के नए बीपीएल कार्ड बने : सतीश खोला

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय योजनाएं से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है पीपीपी के माध्यम से सैकड़ो योजनाओं का भी डीबीटी से सीधा लाभ मिल रहा है जनवरी महीने में पीपीपी के माध्यम से प्रदेश में 249763 नए बीपीएल कार्ड बने। पीपीपी कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला ने विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी।

पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने बताया कि जनवरी महीने के पहले सप्ताह में पूरे प्रदेश में 249763 नए बीपीएल कार्ड बने हैं जिसमें अंबाला में 16716 , भिवानी में 11446, चरखी दादरी में 4368, फरीदाबाद में 28933 फतेहाबाद में13996 गुरुग्राम में 16350 हिसार में 15878 झज्जर में 9429 जींद में 10350, कैथल में 18546, करनाल में 22296, कुरुक्षेत्र में 1412, महेंद्रगढ़ में 9130, मेवात में 8914,पलवल में 8851, पंचकूला में 1178, पानीपत में 3654 रेवाड़ी में 10189,रोहतक में 3446 सिरसा में 20784 सोनीपत में 3247 यमुनानगर में 10650 कुल नए 249763 कार्ड बने। प्रधानमन्त्री अन्न योजना में इन सभी परिवारों को अगले पांच सालों तक मुफ्त राशन मिलेगा। डॉ.खोला ने कहा की एक महीने में हजारों नए परिवारों को लाभ मिला ये तो एक योजना है, चिरायु कार्ड योजना से भी इसी महीने में हजारों परिवार लाभांवित हुए है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हो मनोहर सरकार का लक्ष्य है।

## फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए शुरू होगी सीधी बस सेवा: परिवहन मंत्री

**चंडीगढ़।** प्रदेशके परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। यही नहीं अन्य जिलों से मांग आने पर वहां से भी भविष्य में अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू होगी। मूलचंद शर्मा फरीदाबाद बल्लभगढ़ में एक करोड़ की लागत से बनने वाली 32 गलियों के शिलान्यास करने उपरांत आमजन को संबोधित कर रहे थे।

## नववर्ष का स्वागत



**चंडीगढ़।** नव वर्ष पर हरियाणा आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने प्रीतिभोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने शिरकत की।

## अब ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से सरकार को बताएं मन की बात

■ ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह पहल

चंडीगढ़। ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकते हैं। सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन https:// gramda rshan.harya na.gov.in/ पोर्टल शुरू किया गया है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है।उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है।

## कांग्रेस ने किया घर-घर कांग्रेस अभियान शुरू करने का ऐलान



**करनाल/चंडीगढ़।** भारत जोड़ो यात्रा, विपक्ष आपके समक्ष, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान,जनमिलन समारोह और जन आक्रोश रैलियों को मिले जबरदस्त समर्थन के बाद नव वर्ष के मौके पर हरियाणा इकाई ने 'घर-घर कांग्रेस' अभियान शुरू करने का ऐलान किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने आज करनाल में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान नए अभियान का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेख को लेकर सर्कुलर जल्द जारी कर दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं की मीटिंग के दौरान सभी ने अपने अपने सुझाव रखे। गठबन्धन सरकार को उखाड़ने का संकल्प लिया है । नव वर्ष के मौके पर हुड्डा और उदयभान ने सभी कार्यक्रताओं, प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वो पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने अब तक हुए पार्टी के तमाम कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जी-तोड़ मेहनत की है। और साथ मे कार्यकर्ताओ को जंगी फौज कहकर पुकारा।

## सरकार पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाकर कर रही काम



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के नाम पर बिना किसी भेदभाव के काम करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाकर काम कर रही है, उसकी नजर चुनावी लाभ और खुद का खजाना भरने पर ज्यादा होती है उसे जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल राजस्थान में चुनाव प्रचार के समय जनता को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का वायदा करके आए थे पर अपने प्रदेश हरियाणा में दो गुना से अधिक रेट पर बेच रहे है यह जनता के साथ भेदभाव-विश्वासघात नहीं तो क्या हैं। सरकार बताए हरियाणा में कब से 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा और पहले वसूली अधिक धनराशि कब जनता को लौटाई जाएगी।

## गेस्ट टीचर्स पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण : अशोक तंवर

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी चुनाव प्रचार समिति प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने यमुना नगर में गेस्ट टीचर्स पर पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने भाजपा सरकार के तानाशाही रवैये की कड़ी निंदा की।




उन्होंने कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर सरकार द्वारा लाठीचार्ज गेस्ट टीचर्स और महिलाओं पर लाठीचार्ज कराना दुर्भाग्यपूर्ण बात है। उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया नववर्ष को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में डूबी हुई थी, वहीं हरियाणा सरकार गेस्ट टीचर्स पर लाठियां बरसा रही थी। जिसमें कई टीचर्स को गहरी चोटें भी आईं हैं, राजकीय अतिथि अध्यापक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा शास्त्री के सिर में आठ टांके, दोनों हाथों व घुटने के पास चोट है और कमर पर लाठियां लगी हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हरियाणा सरकार ने पुलिस द्वारा कंप्यूटर शिक्षकों पर लाठियां बरसाई थी।

### मंत्रिमंडल की तीन जनवरी को बैठक में होगी चर्चा

## अब विधानसभा में ही पेश किए जाएंगे तीनों प्रस्तावित विधेयक

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



■ आर्डिनेंस लाने के बाद भी राष्ट्रपति की मंजूरी जरूरी

हरियाणा सरकार की ओऱ से प्रस्तावित तीन विधेयकों को लेकर बुधवार को मंत्रीमंडल की बैठक में विचार मंथन होगा लेकिन आर्डिनेंस नहीं लाए जाएंगे, इन्हें फरवरी में हरियाणा विधानसभा से ही पारित कराया जाएगा। भरोसेदमंद उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि तीन बिलों में जहां एक अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों पर शिकंजा कसने के लिए लाया जा रहा है। इसके अलावा अक्सर कईं तरह की घटनाओं के बाद सड़क पर शव को रखकर जाम लगा देने औऱ शव का संस्कार करने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए मृतक शरीर सम्मान विधेयक प्रस्तावित है।

इसके अलावा तीसरे नंबर पर अवैध तौर पर हर्बल हुक्के की आड़ में कईं तरह के केमिकल युवाओं को प्रोवाइड करने वाले पब, रेस्टोरेंट, होटल मालिकों पर शिकंजा कसने के लिए भी विधेयक लाना प्रस्तावित है।

कुल मिलाकर राज्य की मनोहरलाल सरकार पहले जहां कैबिनेट में आर्डिनेंस के तौर पर लाने की तैयारी में थी, इस पर लीगल राय भी ली गई थी, इसमें साफ कर दिया गया है कि आर्डिनेंस लाने की स्थिति में राष्ट्रपति तक मामला जाएगा, जबकि सदन में लाने पर तीनों विधेयक पारित होने के बाद में राज्यपाल की मुहर लगते ही कानून में बदल जाएगा। कुल मिलाकर इस बार तीन जनवरी को होने वाली केबिनेट की बैठक में विचार मंथन के बाद में इनको फरवरी में होने वाले बजट सत्र के दौरान ही पेश कर पारित करा लिया जाएगा।

विधानसभा में देरी से भेजे जाने के कारण तीनों प्रस्तावित बिलों को विस प्रबंधन प्रशासन की ओऱ से स्वीकार नहीं किया गया था, क्योंकि वहां पर विपक्ष शोरगुल करता है। चार से पांच दिन पहले प्रस्तावित बिल देने होते हैं। इस कारण से शीतकालीन सत्र में टल गया था। बाद में सरकार ने इस कैबिनेट में लाने की तैयारी कर ली थी तीनो को ऑर्डिनेंस के रूप में लाने की तैयारी थी।

यहां पर बता दें कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस बार राज्य की मनोहरलाल सरकार की ओऱ से हरियाणा मृत शरीर सम्मान विधेयक 2023 और (सिगरेट एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट्स) कोटपा संशोधन विधेयक 2023 लाया जाना प्रस्तावित था। इनके ड्राफ्ट और अंतिम रूप देकर लाने की तैयारी थी लेकिन विधानसभा भेजने में देरी हुई और विस नें इन्हें स्वीकार नहीं किया था, क्योंकि इन बिलों के प्रस्ताव को लेकर विपक्ष की ओऱ से एन वक्त पर लाए जाने को लेकर आपत्ति की जाती है।

जिसका तोड़ निकालते हुए सरकार आर्डिनेंस लाने की तैयारी कर रही थी। लेकिन इसमें कानूनी राय विपरीत आ रही है, राष्ट्रपति के यहां भेजने में वक्त लगेगा जबकि सदन में विधेयक पारित करने के बाद राज्यपाल की मुहर लग जाएगी।

## सरकार व चिकित्सकों की बीच बैठक में कई मांगों पर सहमति

■ विभाग की एसीएस ने चिकित्सकों के साथ बैठक

**चंडीगढ़।** हड़ताली डॉक्टरों और हरियाणा सरकार स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव के बीच डॉक्टरों की मांगों को लेकर देर शाम तक विचार मंथन हुआ। इस दौरान डॉक्टरों की चार प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई है, आने वाले एक-दो दिनों में एसोसिएशन पदाधिकारियों की वार्ता करने की तैयारी है। मंत्री अनिल विज सोमवार की बैठक में शामिल नहीं हो सके हैं। हरियाणा सरकार स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव की अनुपमा के अलावा वार्ता में हरियाणा के स्वास्थ्य महानिदेशक रणबीर पूनिया के अलावा डीजी द्वितीय जेएस पुनिया और डॉक्टरों की संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। कुल मिलाकर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया है कि बांड की राशि को एक करोड़ से घटकर 50 लाख कर दिया जाएगा। इसके अलावा स्पेशल कैडर अलग से गठित करने के साथ-साथ डॉक्टर के सुझाव लिए जाएंगे। पदाधिकारियों की ओर यूपी की पॉलिसी का अध्ययन करने के साथ ही उनके सुझाव शामिल करने की मांग रखी। इस पर भी आश्वासन मिल गया है।इसके अलावा अतिरिक्त मुख्य सचिव की अनुपमा ने साफ कर दिया कि सीधे सीएमओ रखे जाने के मामले पर भी विराम लगा दिया गया है लेकिन डॉक्टरों ने कहा कि इसके बारे में नियमों को बदल दिया जाए ताकि अगली बार इस प्रकार का कोई प्रस्ताव न रखा जाए। एसोसिएशन ने चार एसीपी लगाए जाने की मांग रखी जिस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि अगली बैठक में स्वास्थ्य मंत्री और अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग भी शामिल होंगे इस मांग पर भी विचार मंथन होगा, अगर इसमें कोई तकनीकी दिक्कत हुई तो भक्तों में बढ़ोतरी पर भी विचार हो सकता है।हरियाणा सचिवालय में रखी गई बैठक देर शाम स्थान बदलकर न्यू सचिवालय सेक्टर 17 में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य के ऑफिस में स्वास्थ्य विभाग के दोनों डीजी शामिल हुए। एचसीएमएस की ओऱ से पदाधिकारी वार्ता के लिए पहुंचे थे। स्वास्थ्य मंत्री के साथ बाद में वार्ता होगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक. 2652/न.पा.नि./ लोनिवि / 23-24 अम्बिकापुर दिनांक 29/12/2023

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा जोन क्रमांक 01 से 06 तक में डामरीकृत सड़कों के निर्माण / रिनीवल / मरम्मत- संधारण का कार्य (Flexible Pavement / Bituminous work ) प्रति जोन राशि रू. 150.00 लाख के 06 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 150585, 150599, 150615, 150642, 150649& 150663) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**डीपीडीओ कार्यालय, नारनौल हेतु भवन किराए पर चाहिए**

नारनौल शहर के नगर परिषद क्षेत्र में सुगम तथा न्यूनतम 2000 sq. Feet (Carpet Area) का भूतल पर निर्मित भवन जिसमें अतिरिक्त पर्याप्त ओपन स्पेस (जनरेटर एवं पार्किंग आदि हेतु) हो, न्यूनतम 3 वर्षों के लिए कार्यालय हेतु चाहिए। इच्छुक व्यक्ति अपनी निनिदाएं Technical Bid व Financial Bid के रूप में पृथक–पृथक विधिवत अंकित सील बंद लिफाफों में प्रस्तुत कर सकते हैं। ये सील बंद लिफाफे पुनः एक बडे विधिवत अंकित सील बंद लिफाफे के अंदर संबंधित दस्तावेजों के साथ रख कर कार्यालय में 21 दिनों के भीतर जमा करवाएं।

(Technical Bid व Financial Bid) का प्रारूप कार्यालय से अथवा ईमेल dpdonarnaul.cgda@nic.in द्वारा प्राप्त किया जा सकता है)

किसी भी जानकारी/ सहायता के लिए कार्यालयी अवधि में टेलीफोन नं. 01282–252862 पर संपर्क कर सकते हैं।

**रक्षा पेंशन संवितरण अधिकारी शिव कॉलोनी, नारनौल फोन नं.: 01282-252862**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

मुकदमा संख्या 508 दिनांक 28.12.23 धारा 302 भा.द.स. थाना सांपला रोहतक।

अदमपता नाश की पहचान



नाम - ना मालुम
पिता/पति का नाम - ना मालुम
पता- ना मालुम
उम्र- करीब 30 वर्ष
कद- करीब 5 फुट 2 ईंच
हुलिया- हष्ट पुष्ट शरीर दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में रोशन लिखा हुआ ।
पहनावा - हरे रंग का फुलदार सुट सलवार, नीचे सफेद रंग की ईनर पहने हुए, पैरों में महरूम रंग के सैण्डल व बाएं हाथ में लाल धागा बन्धा हुआ व दोनों हाथों में केशरी रंग के कड़े पहने हुए।

दिनांक 28.12.2023 को दिल्ली रोहतक रोड नजदीक निर्माणाधिन फायर ब्रिगेड कार्यालय सांपला के पास निर्माणाधिन रोड के साथ नाले में नामपता नामालूम व्यक्ति (स्त्री) की नाश मिली है। जो नाश 72 घंटे शिनाख्त के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखी गई है। यदि किसी थाना/व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 9416859076

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 338 दिनांक 26.12.2023 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक

गुमशुदा की पहचान



नाम - फुलवती
पिता/पति का नाम - पत्नी सत्यजीत पासवान
पता- न्यु चिनोट कालोनी जिला रोहतक ।
उम्र- 24 वर्ष
कद-5 फुट 1 ईंच
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, लम्बी नाक, काले बाल, काली आँखे।
पहनावा - काले रंग की जींस, टोप सन्तरी रंग का स्वैटर व पैरों में लाल रंग के जूते पहने हुए।

दिनांक 26.12.2023 को फुलवती पुत्नी सत्यजीत पासवान निवासी न्यु चिनोट कालोनी थाना पी.जी.आई.एम.एस. जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक - 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक- 9416481804

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 551 दिनांक 28.12.2023 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।

गुमशुदा की पहचान



नाम - टीना
पति का नाम - पुत्री वेदप्रकाश
पता- वार्ड न. 3 महम जिला रोहतक
उम्र- 19 वर्ष
कद-5 फुट 4 ईंच
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर काले बाल, काली आँखे,
पहनावा- पता नहीं।

दिनांक 28.12.2023 को टीना पुत्री श्री वेदप्रकाश निवासी वार्ड न. 3 महम थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक - 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9466234706

पीआरडीएच-1084/11/2022/2024/23827/88/6 दि. 01.01.24


मोदी सरकार की गारंटी
गरीब कल्याण अन्न योजना
80 करोड़ लोगों को हर महीने मिल रहा है मुफ्त राशन
हमारा संकल्प विकसित भारत

भारत सरकार
CBC 22201/13/0091/2324

## खबर संक्षेप

### अलाव सेंकते समय हुआ धमाका, मिस्त्री झुलसा

**फतेहाबाद।** ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकने के दौरान बीघड़ चौक पर आज एक बड़ा धमाका हो गया। दरअसल यहां अलाव सेंक रहे बाइक मिस्त्री द्वारा अलाव के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया, जिससे धमाका हो गया। धमाके से साथ लगती मेडिकल दुकान के दरवाजे का शीशा भी टूट गया। घटना में दुकानदार बाल-बाल बच गया। मिस्त्री के पैरों पर चोटें आई हैं और उसे अस्पताल ले जाया गया।

### क्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गुलाब नगर निवासी आकाश भंडारी ने शिकायत में बताया कि देर शाम वह अपने पिता राजेंद्र सिंह उर्फ राजू भंडारी (50) के साथ बाजार से पैदल घर लौट रहे थे। इस दौरान पीछे से तेजगति से आ रही क्रेन ने उसके पिता को चपेट में ले लिया। गंभीर हालत में वह अपने पिता को अस्पताल लेकर पहुंचा तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान पुलिस ने क्रेन को कब्जे में लेकर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

केंद्र सरकार के नए कानून हिट एंड रन के विरोध में उतरे ट्रांसपोर्टर्स

# मिला-जुला रहा ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल का असर

टीम हरिभूमि ▶▶| हरियाणा

केंद्र सरकार के नए कानून हिट एंड रन के खिलाफ नए साल के पहले दिन ट्रांसपोर्टरों, किसान संगठनों व विभिन्न संगठनों के आह्वान पर हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। सुबह ट्रांसपोर्टरों के समर्थन में निजी बस ऑपरेटरों ने भी बसें खड़ी कर हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की, परंतु दिन चढ़ने के साथ एक एक कर बसों को रोड पर निकालना शुरू कर दिया।

दोपहर होते हुए किसान संगठनों के प्रभुवत वाले कुछ जिलों को छोड़कर प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतर प्राइवेट बसें रोड पर उतर चुकी थी। दिनभर चली हड़ताल के बाद शाम को सरकार द्वारा मांगें नहीं मानने पर तीन जनवरी को रोड जाम की चेतावनी दी। सुबह प्राइवेट बसों की हड़ताल के चलते यात्रियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा।


जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए ट्रक चालक।

### अब आसान नहीं होगा बच पाना

केंद्र सरकार ने नए कानूनों में एक्सीटेंड की धारा में व्यापक बदलाव किया है। नए कानून में एक्सीडेंट के बाद घायल को अस्पताल पहुचने वाले वाहन चालकों को राहत दी गई है। जबकि एक्सीडेंट कर मौके से फरार होने वाले वाहन चालकों के खिलाफ घायल की सेहत के अनुसार ही कार्रवाई होगी। जिससे हिट एंड रन में वाहन चालकों को बच पाना आसान नहीं होगा। कुछ किसान संगठन व ट्रांसपोर्टर सरकार के हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे हैं।

ट्रांसपोर्टर व ट्रक ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते माल की चेन सप्लाई पर भी कुछ असर देखने को मिला। जींद में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के आह्वान पर प्राइवेट बस व ट्रक चलाकों ने बस स्टैंड से लेकर लघु सचिवालय परिसर तक प्रदर्शन करते हुए न्याय सहिंता बिल वापस लेने की मांग की। लघु सचिवालय पहुंच कर चालकों ने तहसीलदार रविंद्र हुड्डा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन जींद, ऑल प्राइवेट परिवहन समिति, टैक्सी यूनियन जींद, टैम्पू यूनियन जींद, कैंटर यूनियन जींद व

### खास बातें

- ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के आह्वान पर चालकों ने किया प्रदर्शन
- मांगें नहीं मानने पर तीन जनवरी को रोड जाम की चेतावनी दी
- आयात व निर्यात का कार्य रुकने से बढ़ सकती है महंगाई
- कई रूटों पर यात्रियों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

### मुख्य मांगें

▶▶ हिट एंड रन संशोधन बिल को तुरंत रद्द किया जाए।
▶▶ प्रदेश चालक आयोग का गठन किया जाए।
▶▶ एक सितंबर को सरकार की ओर से राष्ट्रीय चालक दिवस की घोषणा की जाए।
▶▶ व्यवसाय चालकों की हर तीन साल बाद ली जाने वाली नवीनीकरण की प्रक्रिया 5 साल निर्धारित की जाए।
▶▶ संविदा ठेका आउटसोर्सिंग में कार्य कर रहे व्यवसायक चालकों को समान वेतन के तहत नियमितीकरण किया जाए।
▶▶ व्यवसाय चालकों के लिए भी 60 वर्ष के ऊपर प्रति माह न्यूनतम वेतन 10 हजार पेंशन निर्धारित की जाए।
▶▶ चालक को 20 लाख रुपये मेच्योरटी बीमा दिया जाए।
▶▶ चालक को 10 लाख का एक्सीडेंट मेडिकल बीमा दिया जाए।
▶▶ ओला, उबर जैसी एप बेस कम्पनियों को सरकारी कानून के अधीन ही संचालन करे।

# नवजात बच्ची को नग्न हालत में सड़क पर फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के बिलासपुर क्षेत्र में रणजीतपुर के नजदीक स्थित सोम नदी पुल के पास किसी ने नवजात बच्ची को नग्न अवस्था में सड़क पर फेंक दिया। गनीमत यह रही की इस दौरान वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने बच्ची को रोते हुए देख लिया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने बच्ची को कब्जे में लेकर अस्पताल में भरती करवाया।

- पुलिस ने बच्ची को कब्जे में लेकर अस्पताल में करवाया दाखिल

चिकित्सकों के मुताबिक बच्ची की हालत पूरी तरह ठीक है। इससे तीन दिन पहले भी पुलिस ने शहर के जगाधरी वर्कशॉप मार्ग से पॉलिथीन में बंद एक नवजात बच्चे को बरामद किया था। जिसे कुत्तों द्वारा नोच रखा था। पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में दाखिल करवाया था। जहां पर बच्चा स्वस्थ हालत में है। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने नवजात बच्चों को लावारिस हालत में फेंकने को गंभीर अपराध बताया है। जानकारी के मुताबिक सुबह के वक्त बिलासपुर के रणजीत पुर के नजदीक स्थित सोमनदी पुल के पास से एक व्यक्ति गुजर रहा था। उसे सोमनदी के पुल के पास से किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने मौके पर जाकर देखा तो एक नवजात बच्ची नग्न हालत में पुल के पास सड़क पर पड़ी हुई रो रही थी। उसने तुरंत बच्ची को उठाकर सीने से लगा लिया और पुलिस को सूचना दे दी। रणजीतपुर पुलिस चौंकी के प्रभारी एएसआई वेदपाल ने पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर बच्ची को कब्जे में ले लिया और उसे जगाधरी अस्पताल में भरती करवाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची की हालत स्वस्थ है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


यमुनानगर। सोमनदी के पुल के पास से बरामद की गई नवजात बच्ची

# बद्दोवाला टोल प्लाजा पर तोड़फोड़, मामला दर्ज

- कार चालक से हुई थी फ्री निकालने को लेकर कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बद्दोवाला टोल प्लाजा के कार्यालय में घुस कर कर्मियों को धमकाने तथा शीशे तोड़ने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने लगभग आधा दर्जन अज्ञात युवकों के खिलाफ तोड़फोड़ करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। टोल प्लाजा कार्यालय के प्रभारी गौत्तम पठानिया ने बताया कि बीती रात टोल की लाइन नंबर पांच पर गाड़ी आई। जिसने खुद को लोकल बताते हुए फ्री में गाड़ी निकालने की बात कही। फिर वह व्यक्ति खुद को आर्मी पर्सन बताने लगा। प्रूफ न देने के कारण व्यक्ति की कर्मियों के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर व्यक्ति धमकी देते हुए चला गया। कुछ समय के बाद आधा दर्जन युवक असलहा, लाठी व डंडो के साथ कार्यालाय में घुस आए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। युवकों को देख कर्मी कमरों में घुस गए और दरवाजे बंद कर अपनी जान बचाई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संघ प्रमुख भागवत जींद में तीन दिन करेंगे प्रवास

**जींद।** संघ प्रमुख मोहन भगवत 12 से 14 जनवरी तक गोपाल विद्या मंदिर में तीन दिवसीय प्रवास करेंगे। प्रवास के दौरान कार्यकर्ता हिंदू संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए योजना बनाएंगे और मंथन भी करेंगे। कार्यक्रम में चुनिंदा कार्यकर्ता ही शामिल होंगे। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान शाखाएं भी लगाई जाएंगी। प्रदेश प्रचारक राजेश ने बताया कि वर्ष 2025 में संघ स्थापना के सौ साल पूरे हो रहे हैं। 12 जनवरी को प्रदेश कार्यकारिणी शाखा लगाने के साथ अबतक की प्रगति पर मंथन किया जाएगा। 13 को संघ से जुड़े पूर्व सैनिकों की शाखा लगेगी। 14 जनवरी को मकर संक्राति का पर्व मनाया जाएगा। संघ वर्ष में छह पर्व मनाता है।

# पत्नी की हत्या करने के बाद मेट्रो से कटकर की खुदकुशी

- मां के शव के पास रोता रहा डेढ़ साल का मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

डीएलएफ फेज-3 एरिया में पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने गाजियाबाद के कोशांबी में मेट्रो के नीचे आकर खुदकुशी कर ली। दोनों राज्यों की पुलिस अपने-अपने स्तर पर जांच में जुटी हुई है। दरअसल, यूपी के आगरा निवासी 30 वर्षीय गौरव शर्मा अपनी पत्नी 23 वर्षीय लक्ष्मी रावत व डेढ़ साल के बच्चे के साथ पिछले छह माह से गुडग़ांव में डीएलएफ फेज-3 एरिया के एस ब्लॉक स्थित मकान नंबर-31/15 में रहते थे। वहीं रविवार की देर रात गुरुग्राम पुलिस को सूचना मिली कि इस मकान के अंदर से लगातार बच्चे के रोने की आवाजें आ रही हैं। पुलिस मौके पर पहुंची, तो वहां एक महिला की लाश पड़ी हुई थी। डेढ़ साल का बच्चा लाश के पास बैठा रो रहा था। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गौरव शर्मा ने गाजियाबाद के कौशांबी मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-एक से कूदकर खुदकुशी कर ली है। गौरव की पहचान हो गई थी। चिकित्सकों को बुलाने पर पता चला कि महिला की मौत कई घंटे पहले हो चुकी है।

# हरिगढ़ किंगण की महिला सरपंच बर्खास्त

- फर्जी दस्तावेजों पर चुनाव लड़ने का मामला आया सामने
- 6 साल के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

उपायुक्त कैथल ने उपमंडल के गांव हरिगढ़ किंगण की महिला सरपंच हरबंस कौर को बर्खास्त कर दिया है। उसे आगामी चुनाव लड़ने के लिए 6 साल के लिए अयोग्य करार भी दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरबंस कौर पर आरोप है कि उसने चुनाव लड़ने के लिए फर्जी दस्तावेज दिए और उन्हीं के सहारे चुनाव लड़कर गांव की सरपंच बन गई परंतु गांव के ही एक व्यक्ति रघुबीर सिंह पुत्र जोरा सिंह ने सरपंच द्वारा जमा करवाए गए दस्तावेजों को चुनौती देते हुए निर्वाचन आयोग में शिकायत कर दी, जिस पर एस.डी.एम. गुहला को इसकी जांच सौंपी गई, जिस पर जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 के अधीन धारा 175 के तहत जहां उसके दस्तावेज फर्जी पाए गए, वहीं आर.ओ. व ए.आर.ओ. द्वारा चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी की योग्यता पत्र का भी ख्याल नहीं रखा गया। जानकारी के अनुसार रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (4) के अन्तर्गत हरबंस कौर को सरपंच पद से पदच्युत करते हुए उसके आगामी 6 साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंध भी लगा दिया गया है।

### क्या कहते हैं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी

हरिगढ़ किंगण गांव की महिला सरपंच की बर्खास्तगी की पुष्टि करते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजबीर सिंह ने कहा कि कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद जिस भी मौजूदा पंच के पास बहुमत होगा, उसे कार्यकारी सरपंच का काम सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए दस दिनों का समय होता है। उन्होंने बताया कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे चुनाव लड़ने के आरोप में पुलिस कार्रवाई हेतु भी सम्बन्धित अधिकारियों को लिखा गया है।

# तेंदुए की अफवाह ने टीम को रातभर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- गांव लडरावण में तेंदुआ देखे जाने की खबर फैल गई थी, मामला हुआ वायरल

तेंदुए की सूचना पर वन्य प्राणी विभाग की टीम रातभर सर्च अभियान चलाती रही। लडरावण सहित आसपास स्थित कई गांवों में टीम ने दस्तक दी। यहां तक कि दिल्ली के कुतुबगढ़ तक भी टीम पहुंच गई लेकिन कुछ नहीं मिला। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान कदमों के चिह्न भी नहीं मिले है। खैर जो भी हो, इस अफवाह के चलते विभाग की टीम को परेशानी तो लोगों को बेचैनी जरूर हुई।

दरअसल, रविवार की रात को गांव लडरावण में तेंदुआ देखे जाने की खबर फैल गई थी। इंटरनेट मीडिया पर भी मामला तेजी से वायरल हुआ। ग्रामीणों को आगाह करने के लिए मुनादी तक हुई। मामले की भनक पर सदर थाने से टीम गांव में गई और कुछ देर बाद वन्य प्राणी विभाग की टीम ने भी दस्तक दे दी। टीम ने गांव के लोगों से बातचीत की और उस क्षेत्र में गई, जहां तेंदुआ होने की आशंका जताई गई। वहां टीम ने कदमों के निशान ढूंढने के प्रयास किए लेकिन कुछ नहीं मिला। कुलासी सहित आसपास के अन्य गांव और यहां तक कि दिल्ली के गांवों तक टीम ने दस्तक दी लेकिन कोई ऐसा सुराग नहीं लगा, जिससे तेंदुए की पुष्टि हो। टीम में शामिलअधिकारियों ने दिल्ली फोरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों से भी इस सिलसिले में बातचीत की। इस दौरान सामने आया कि कुछ दिनों पहले वहां भी इस तरह की खबर फैली थी लेकिन कुछ मिला नहीं। टीम में शामिल अधिकारियों का कहना है कि जो वीडियो उन तक पहुंचे हैं, उसमें लोगों की बोली दूसरे क्षेत्र की प्रतीत होती है।

तेंदुए जैसा यहां कुछ मिला नहीं है। ऐसे में यह खबर महज अफवाह प्रतीत होती है। अधिकारी सतबीर सिंह ने कहा कि सूचना को गंभीरता से लेते हुए सर्च अभियान चलाया था। अभी तक ऐसा कुछ नहीं मिला है। फिर भी विभाग इस तरफ नजर बनाए रखेगा।

# कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

- पुरानी पेंशन, ठेका संविदा कर्मियों की रेगुलराइजेशन, निजीकरण पर रोक, खाली पदों को भरने आदि मांगों को लेकर फरवरी महीना के दूसरे सप्ताह में करेंगे हड़ताल

पुरानी पेंशन, ठेका संविदा कर्मियों की रेगुलराइजेशन, निजीकरण पर रोक, खाली पदों को भरने, आठवें पे कमीशन का गठन और 18 महीने के बकाया डीए डीआर को रिलीज करने आदि मांगों को लेकर राज्य कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। आंदोलन के निर्णयानुसार कर्मचारी फरवरी महीना के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। हड़ताल की तारिख की धोषणा शीघ्र ही दूसरे कर्मचारी संगठनों से बातचीत कर की जाएगी।

यह फैसला आखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की कोलकाता में संपन्न हुई तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक में लिया गया। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि इस बैठक में 25 राज्यों से 579 डेलीगेट्स ने भाग लिया। बैठक में सरकार की जन एवं मजदूर-कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सभी राज्यों में जन अभियान चलाने का भी फैसला लिया गया है। इस अभियान में जन सेवाओं के निजीकरण के आम जनता पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत करवाया जाएगा और जन समर्थन हासिल किया जाएगा।

उन्होंने यमुनानगर में नियमित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अतिथि अध्यापकों पर किए गए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की घोर निन्दा की। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव ए.श्री कुमार ने बयान में कि केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली और आठवें पे कमीशन के गठन से साफ मना कर कर्मियों के जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने बताया कि सरकार नव उदारवादी आर्थिक नीतियों को बहुत तेजी से लागू कर रही है।


सर्दियों में गुलजार रहने वाले पंछी प्रवास स्थल कालवन की घटना

# विदेशी मेहमान आठ पंछियों की मौत से मचा हड़कंप

- प्रथम दृष्टि में निमोनिया के सामने आए लक्षण, पोस्टमार्टम कर दफनाया, रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्दी के मौसम में विदेशी पंछियों के कलरव से गुलजार रहने वाले जिले के अंतिम छोर के गांव कालवन में आठ विदेशी पंछियों की मौत से हडकंप मच गया है। सूचना मिलने पर वन्य प्राणी विभाग का अमला मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा लिया। प्रवास स्थल पर मरे विदेशी पंछियों का वन्य प्राणी विभाग ने पोस्टमार्टम करा कर दफना दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने की संभावना है। प्रथम दृष्टि में निमोनिया के लक्षण मृत पंछियों में दिखाई दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विदेशी पंछियों की मौत के रहस्य से पर्दा उठ सकेगा। गांव कालवन के महर्षि दयानंद सरस्वती प्रवासी पक्षी संरक्षण स्थल में गत दिवस आठ बार हैडिड गुज मृत मिली। पंछी प्रवास स्थल की निगरानी कर रहे कर्मियों से सूचना पाकर वन्य प्राणी विभाग मौके पर पहुंच गया और हालातों का जायजा लिया। प्रथम दृष्टि में मृत पंछियों में निमोनिया के लक्षण दिखाई दिए हैं। वन्य प्राणी विभाग ने विदेशी पंछियों की मौत को गंभीरता से लेते हुए वेटरनी सर्जन को बुला कर मृत पंछियों का पोस्टमार्टम करा उन्हें दफना दिया है और बिसरे को जांच के लिए लैबोरेट्री भेज दिया है। जिसकी मंगलवार को रिपोर्ट मिलने की सभावना है। गांव कालवन को पंछी संरक्षण केंद्र विदेशी पंछियो के कलरव से गुलजार है। यूरोप, साइबेरिया, चाइना समेत ठंडे इलाकों से हजारों मेहमान पंछी हजारों किलोमीटर की उडान भर कर गांव के पक्षी प्रवास स्थल पर डेरा डाले हुए हैं। 45 से भी अधिक प्रजातियों के हजारों पंछी फरवरी माह के अंत तक यहां प्रवास करेंगे ओर प्रजन्न भी करेंगे। मौसम में हलकी गर्माहट आने के साथ ठंडे प्रदेशों की तरफ उडान भर जाएंगे।


जींद। गांव कालवन के महर्षि दयानंद सरस्वती प्रवासी पक्षी संरक्षण स्थल में विदेश से आए पंछी तथा (इनसेट में) मृत पंछी।

### फरवरी माह के अंत तक प्रवास करेंगे पंछी

वन्य प्राणी विभाग के निरीक्षक मनबीर खटकड़ ने बताया कि आठ बार हैडिड गुज की मौत हुई है। प्रथम दृष्टि मे निमोनिया के लक्षण दिखाई दिए हैं। जिनका पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट का इंतजार है। संरक्षण स्थल पर 45 प्रजातियों के लगभग दो हजार पंछी यहां पर पहुंच चुके हैं। जो फरवरी माह के अंत तक यहां प्रवास करने के साथ साथ प्रजनन करेंगे।

# गेट नहीं खुलने पर चेतक एक्सप्रेस पर पथराव, ट्रैक पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

नए साल की पूर्व संध्या पर खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों द्वारा गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर चेतक एक्सप्रेस पर पथराव किए जाने व ट्रेन को काफी देर तक रोकने का मामला सामने आया है। करीब दो हजार से अधिक यात्रियों के गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पहुंचने व ट्रेन पहले से ही फुल होने के कारण गेट नहीं खोला गया। नाराज लोगों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया और काफी संख्या में यात्री ट्रेन के सामने ट्रैक पर लेट गए। इस दौरान जीआरपी व आरपीएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कर ट्रैक से हटाया। दरअसल, चेतक एक्सप्रेस रविवार रात 8.30 बजे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। सराय रोहिल्ला से उदयपुर सिटी राजस्थान के लिए जाने वाली इस ट्रेन से रिंगस रेलवे स्टेशन जाने के लिए काफी यात्रियों ने गुरुग्राम से भी रिजर्वेशन किया हुआ था। लेकिन ट्रेन सराय रोहिल्ला से ही पूरी तरह फुल होकर चली थी, जिससे भारी भीड़ के कारण ट्रेन के गेट गुरुग्राम रेलवे स्टेशन में नहीं खोले गए। वहीं गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर खाटू श्याम दर्शन के लिए करीब दो हजार लोग स्टेशन के प्लेटफार्म पर पहुंचे हुए थे। ट्रेन के गेट नहीं खुलने से नाराज लोगों ने ट्रेन पर पथराव करना व हंगामा करना शुरू कर दिया। स्टेशन पर ट्रेन को रोकने के लिए हंगामा कर ट्रैक पर भी लोग लेटने लगे। इस दौरान लोगों ने खाटूश्याम के जयकारे लगाना शुरू कर दिया।

### स्टेशन पर 33 मिनट रोकी ट्रेन

गुरुग्राम रेलवे स्टेशन हेड का कहना है कि भीड़ को शांत करने के लिए करीब 33 मिनट का समय लगा। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी श्योताज सिंह ने बताया कि खाटू श्याम जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पहुंचे थे। जहां इस भीड़ को काबू करने के लिए जीआरपी व आरपीएफ के जवान नाकाफी साबित हुए। ऐसे में 33 मिनट बाद लोगों को शांत कर ट्रैक से हटाकर ट्रेन को चलाया गया। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल कोई केस दर्ज नहीं किया गया है।

## सीबीडीटी ने चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक के आंकड़े जारी किए

# इस वित्तीय वर्ष में अब तक 8.18 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न भरा

### एक साल पहले दिसंबर 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 8.18 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। जबकि एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। सीबीडीटी ने बयान में कहा कि यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भरे गये कुल आयकर रिटर्न से नौ प्रतिशत अधिक है। बयान के अनुसार, आलोच्य अवधि के दौरान कुल 1.60 करोड़ ऑडिट रिपोर्ट और अन्य फॉर्म भरे गये जबकि एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 1.43 करोड़ था। सीबीडीटी ने कहा, ''समय पर अनुपालन को लेकर आयकर विभाग करदाताओं और कर पेशेवरों की सराहना करता है। इससे आयकर रिटर्न की संख्या बढ़ी है आर आकलन वर्ष 2023-24 में 21 दिसंबर तक 8.18 करोड़ आईटीआर भरे गये। एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आईटीआर भरे गये थे।''



1.60 करोड़ ऑडिट रिपोर्ट और अन्य फॉर्म भरे गये जबकि एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 1.43 करोड़ था।

### समय पर आईटीआर भरने किया जा रहा प्रोत्साहित

इसके अलावा, कर विभाग ने करदाताओं को समय पर आईटीआर और फॉर्म भरने को लेकर बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया। इसमें ई-मेल, एसएमएस आदि के जरिये लोगों से समय पर आईटीआर भरने को प्रोत्साहित किया गया। सीबीडीटी ने कहा कि इन सब कारणों से 2023-24 में 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### ज्यादातर आंकड़े पहले से भरे हुए

इसमें कहा गया है कि करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाने के लिए वेतन, ब्याज, लाभांश, व्यक्तिगत जानकारी, टीडीएस से संबंधित सूचना सहित ज्यादातर आंकड़ें पहले से भरे हुए थे।

### ई-फाइलिंग पोर्टल चालू किया गया

इसमें कहा गया है कि इस सुविधा का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया। इसके कारण आईटीआर को आसानी से और तेजी से दाखिल किया जा सका। इसके अलावा, इस वित्त वर्ष के दौरान ओएलटीएएस भुगतान व्यवस्था की जगह एक डिजिटल ई-पे टैक्स भुगतान मंच - टीआईएन-दो को ई-फाइलिंग पोर्टल पर पूरी तरह से चालू किया गया है।

## जेके टायर ने क्यूआईपी से जुटाए 500 करोड़




*नई दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, क्यूआईपी को भारतीय म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और विदेशी संस्थागत निवेशकों सहित प्रमुख निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। जेके टायर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा, 'यह हमारे कॉर्पोरेट सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। निर्गम में कई प्रतिष्ठित निवेशकों की भागीदारी कंपनी की वृद्धि की कहानी में उनके विश्वास को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि क्यूआईपी के जरिए जुटाए कोष का इस्तेमाल 'ग्रोथ कैपेक्स' और 'बैलेंस शीट' को मजबूत करने के लिए किया जाएगा।*

## श्री आर. के. त्यागी ने पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

*गुरुग्राम। श्री रवींद्र कुमार त्यागी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सीपीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले, वह कंपनी के निदेशक (प्रचालन) के रूप में कार्यरत थे।उनके पास विद्युत क्षेत्र के अग्रणी सीपीएसयू में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य करने का 33 वर्षों से अधिक का समृद्ध अनुभव है।*


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1.मुकेश पुत्र श्री सुरेश** निवासी V.P.O खानपुर कलां, थानाः गोहन, सोनीपत, हरियाणा, **2.नवीन पुत्र राम चन्द्र** निवासी ग्राम बैंयापुर खुर्द थानाः सदर सोनीपत, हरियाणा, ने **FIR. 293/18 U/s 323/341/354/452/506/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **साउथ रोहिणी,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.मुकेश 2.नवीन,** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.मुकेश 2.नवीन,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)

इसलिए इनके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. 293/18 U/s 323/341/354/452/506/34 IPC.,** थानाः **साउथ रोहिणी,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **1.मुकेश 2.नवीन,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

श्री प्रीति राजोरिया, MM,
महिला कोर्ट नंबर 18, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15088/RD/2023

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | कोर्ट कॉम्पलैक्स, रोहतक में नये शौचालयों का निर्माण। | 28.12.2023 22.01.2024 | 25.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | रोहतक में आर्य चौपाल सेवा समिति में कमरे और शौचालयों का निर्माण। | 28.12.2023 10.01.2024 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23834/I/88/6 दि. 01.01.24

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद मंडी डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में वार्ड नं. 01 से 07 तक स्वीपिंग कार्य के आउटसोर्स कार्य हेतु आकलन। | 28.12.2023 19.01.2024 | 2.05 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23833/I/88/6 दि. 01.01.24

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | एक वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी और निःशुल्क रखरखाव समेत एचएसवीपी कार्यालय भवन सेक्टर-3, रोहतक के कमरों में एयर कंडीशनिंग सिस्टम का संवर्धन। | बंद होने की तिथि 18.01.2024 | 80.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23832/I/88/6 दि. 01.01.24

### विज्ञापन सं. 1/2024

## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

के माध्यम से

अधिसूचना सं. जीएसआर 25/कांस्ट./आर्ट. 234 और 309/2023 दिनांक 07.11.2023 के तहत गठित चयन समिति

**एच.सी.एस. (ज्यूडिशियल ब्रांच) परीक्षा-2023-24**

| मद ( मदें ) | टाइमलाइन |
|---|---|
| प्रकाशन की तिथि | 01.01.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा हेतु प्रारम्भिक तिथि | 05.01.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि | 31.01.2024 |

हरियाणा लोक सेवा आयोग पात्र उम्मीदवारों से हरियाणा सिविल सर्विस (ज्यूडिशियल ब्रांच) में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के 174 पदों (129 वास्तविक पद + 45 पूर्वानुमानित पद) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणीवार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| सामान्य/यूआर | एससी | बीसी-ए | बीसी-बी | ईडब्ल्यूएस | कुल वास्तविक रिक्तियां | ईएसएम | अक्षमता वाले व्यक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | 30 | 11 | 01 | 10 | 129 | सामान्य-04 एससी-01 बीसी-ए-01 कुल-06 | वीएच-03 एचएच-03 ओएच-01 एमडी-02 कुल-09 |

45 पूर्वानुमानित/अप्रत्याशित रिक्तियों का विभाजन निम्नानुसार दिया गया है :-

| सामान्य/यूआर | एससी | बीसी-ए | बीसी-बी | ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम | अक्षमता वाले व्यक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 09 | 06 | 02 | 04 | 45 | सामान्य-01 | ओएच-01 एमडी-01 |

टिप्पणी I. उम्मीदवारों के लिए जानकारी और विज्ञापन में वर्णित अनुसार आयु, शैक्षणिक योग्यता और आरक्षण इत्यादि के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए कृपया आयोग की वेबसाइट http://hpsc.gov.in को लॉगऑन करें।

टिप्पणी II. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने की सुविधा वेबसाइट पर 05.01.2024 से उपलब्ध होगी।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 01.01.2024
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/231/2024/23846/88/6 दि. 01.01.24


### नए साल की पूर्व संध्या पर ऑर्डर में बड़ी वृद्धि देखी गई

# जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट ने तोड़े ऑर्डर के सारे रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खानपान एवं जरूरत के सामान की ऑनलाइन बिक्री करने वाले जोमैटो, ब्लिंकिट और स्विगी जैसे मंचों पर आने वाले ऑर्डर में नए साल की पूर्व-संध्या पर बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई। इन त्वरित आपूर्ति मंचों के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नए साल की पूर्व-संध्या पर मिले ऑर्डर के रुझानों के बारे में यह जानकारी दी। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने अपने पोस्ट में कहा कि नए साल की पूर्व-संध्या पर उनके मंच को 2015-2020 के दौरान नव-वर्ष की पूर्व-संध्या पर संयुक्त रूप से मिले ऑर्डर जितने ऑर्डर मिले। गोयल ने इसे दिलचस्प आंकड़ा बताते हुए कहा कि जोमैटो भविष्य को लेकर उत्साहित है।




### एक दिन में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर

जोमैटो के स्वामित्व वाले त्वरित वाणिज्य आपूर्ति मंच ब्लिंकिट के सह-संस्थापक एवं सीईओ अलबिंदर ढींढसा ने एक पोस्ट में कहा कि इसे एक दिन में अबतक के सबसे अधिक ऑर्डर और प्रति मिनट ऑर्डर मिले।

### स्विगी इंस्टामार्ट पर प्रति मिनट ऑर्डर रहा

कपूर ने कहा, 'स्विगी इंस्टामार्ट पर ऑर्डर प्रति मिनट (ओपीएम) अब तक का सबसे अधिक है। यह विश्व कप फाइनल के दौरान हमारे पिछले उच्चतम स्तर से 1.6 गुना अधिक है।'' स्विगी पर इस दौरान बिरयानी के 4.8 लाख से अधिक ऑर्डर मिले और प्रति मिनट 1,244 पकवान के ऑर्डर दिए गए।

### विश्व कप के ऑर्डर को भी पीछे छोड़ा

ऑनलाइन आपूर्ति मंच स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''नववर्ष की पूर्व-संध्या ने स्विगी फूड एंड इंस्टामार्ट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। टीम के साथ इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती!'' कपूर ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि स्विगी इंस्टामार्ट पर क्रिकेट विश्व कप फाइनल के दौरान मिले ऑर्डर को भी पीछे छोड़ दिया।

# नए साल के पहले दिन शेयर बाजार में हल्की शुरुआत

**सेंसेक्स 32 अंक और निफ्टी 10 अंक चढ़ा**

**ऊर्जा, सेवा व दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में रही खरीदी**



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में नये साल के पहले दिन की शुरुआत कुछ हल्की रही और बीएसई सेंसेक्स 32 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में ऊर्जा, सेवा और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में कुछ तेजी आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स हल्की शुरुआत के बाद 31.68 अंक की बढ़त के साथ 72,271.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकॉर्ड स्तर 72,561.91 अंक तक गया। निफ्टी भी 10.50 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 21,741.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। बीते वर्ष 2023 में बीएसई सेंसेक्स 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत और निफ्टी 3,626.1 अंक यानी 20 प्रतिशत मजबूत हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, प्रमुख शेयर सूचकांकों में उतार-चढ़ाव रहा। इसका कारण यह है कि वैश्विक संकेतक के अभाव में कारोबारी कोई निर्णय करने की स्थिति में नहीं दिखे। एशियाई और यूरोपीय बाजार सोमवार को नये साल के मौके पर बंद रहे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मामूली बढ़त में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 1,459.12 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

# सोना 63,920 रुपए प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। चांदी की कीमत भी 78,500 रुपये प्रति किग्रा पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद से अपरिवर्तित रुख को दर्शाता है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार से ताजा संकेतों की कमी के कारण घरेलू बाजारों में सोने की कीमतें लगभग पूर्ववत रही।' इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 101 रुपये की तेजी के साथ 63,304 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।




### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


## शब्द पहेली - 5382



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -5381 का हल



## सूडोकु नवताल - 5392

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# डेविड वार्नर ने 'टेस्ट' के बाद 'वनडे' से भी लिया संन्यास, खेलते रहेंगे टी20

एजेंसी ▶▶| सिडनी

दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे। इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था।



### खेलता रहूंगा लीग मैच

वार्नर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं निश्चित रूप से एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप 2023 के दौरान कहा था कि भारत में जीत दर्ज करो। यह वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनियाभर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा। मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा। इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा।'

## 161 वनडे मैच में 45.30 की औसत से बनाए 6932 रन



### वार्नर के नाम पर दो वनडे विश्व कप खिताब

दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे कॅरियर का आगाज किया था।



### कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध से आगे बढ़ गया

'जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण से अलग तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन मुझे लगता है कि निक (हॉकले, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी) ने इसे बोर्ड के सामने रखने की पूरी कोशिश की और फैसला किया गया और मैं इससे खुश हूं। मैं उससे आगे बढ़ चुका हूं।मुझे आईपीएल, आईएलटी20 में नेतृत्व करने के अवसर मिले हैं। मैंने अपनी नेतृत्व भूमिकाओं का आनंद लिया है।लेकिन हाल के वर्षों में मैंने सीखा है कि नेतृत्व का मतलब कप्तान या उप-कप्तान बनना नहीं है। मेरे लिए, मैं इस टीम में नेतृत्व करता हूं। आपको अपने नाम के आगे कप्तान या उप कप्तान लिखवाने की जरूरत नहीं है। उस पूरे दौर में अपने पूरे करियर पर विचार करते हुए मुझे कोई पछतावा नहीं है क्योंकि जब आप आगे बढ़ेंगे तो आपके सामने बहुत सारी बाधाएं आएंगी। रास्ते में बाधाएं आएंगी लेकिन आपको आगे बढ़ना होगा और मैंने सम्मान के साथ ऐसा किया है।'

### वनडे में 22 शतक

वार्नर ने अपने कॅरियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए। उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं। वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने वार्नर की तुलना में 205 पारियां अधिक खेली।

### 111 टेस्ट में 26 शतक

वार्नर ने अभी तक 111 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 44.58 की औसत से 8695 रन दर्ज हैं। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 26 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं।

### विश्व कप टीम में जगह मिलने की उम्मीद

वार्नर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी20 क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में उन्हें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। वार्नर इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे हैं तथा टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद उनका विश्व भर की टी20 लीग में खेलने की संभावना है।


## क्रिकेट : दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है टीम इंडिया

# केपटाउन में तेज गेंदबाजों को मिलेगा उछाल, कल से भारत-अफ्रीका में जंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

31 साल बाद साउथ अफ्रीका की धरती पर टेस्ट सीरीज जीतने का सपना तो चकनाचूर हो चुका है। केपटाउन में रोहित शर्मा की कप्तानी में अब भारतीय टीम टेस्ट सीरीज का अंत बराबरी पर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। 3 जनवरी से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। भारतीय टीम की अच्छी खबर यह है कि रविंद्र जडेजा पूरी तरह से फिट हो चुके हैं। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका की टीम सेंचुरियन की तरह दमदार खेल केपटाउन में भी दिखाना चाहेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला जाना है। केपटाउन के इस ग्राउंड पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहता है। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से फास्ट बॉलर्स कहर बनकर टूटते हैं। यही वजह है कि इस मैदान पर काफी कम टेस्ट मैचों का नतीजा ड्रॉ के रूप में आता है। बल्लेबाजों के लिए केपटाउन में रन बनाना काफी मुश्किल काम रहता है।





### कोहली ने किया बर्गर अभ्यास शॉर्ट गेंदबाजों से जूझे अय्यर

*केपटाउन। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर की शैली की गेंदबाजी का सामना करते हुए काफी आश्वस्त दिखे जबकि सोमवार को यहां नेट्स पर शॉर्ट गेंद के खिलाफ श्रेयस अय्यर एक बार फिर मुश्किल में नजर आए। नए साल के दिन कोहली ने नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और लगभग एक घंटे तक अभ्यास किया। नेट पर गेंदबाजों का सामना करने के बाद कोहली ने लगभग 20 से 25 मिनट तक थ्रोडाउन का सामना किया। कोहली को नेट्स पर विशेष तरह का अभ्यास करने के उद्देश्य के साथ उतरने के लिए जाना जाता है और सोमवार को वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे।*

### क्या कहते हैं आंकड़े?

केपटाउन के इस मैदान पर अब तक कुल 60 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें से 23 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 25 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। पहली पारी में एवरेज स्कोर 325, दूसरी में 292, तीसरी में 234 और चौथी इनिंग में 163 रहा है। यानी चौथी पारी में बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है।

### टीम में लौटेंगे जडेजा

साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजरी के चलते पहला टेस्ट मिस करने वाले रविंद्र जडेजा की दूसरे टेस्ट में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। जडेजा प्रैक्टिस सेशन में जमकर पसीना बहाते हुए नजर आए थे। जड्डू ने बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। जडेजा के आने से टीम इंडिया का स्पिन विभाग और बैटिंग ऑर्डर दोनों मजबूत होगा। हालांकि, जड्डू के लिए आर अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह बनानी होगी।

## खबर संक्षेप



### हम ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जल्द रोकेंगे : दीप्ति

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पिछले 16 साल से ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान पर नहीं हरा पाई है लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी के विजय अभियान पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से लगातार नौ वनडे मैच गंवाए हैं जिनमें वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैच भी शामिल है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को वनडे में आखिरी बार अपने मैदान पर 23 फरवरी 2007 को चेन्नई में हराया था।

### पेट्रा क्वितोवा ने कहा- मां बनने वाली हूं

**प्राग।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने नए साल में घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं।



क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'वर्ष 2024 के पहले दिन मैं आपको नए साल की बधाई देती हूं और एक रोमांचक खबर आपके साथ साझा कर रही हूं कि मैं और जिरी इन गर्मियों में अपने परिवार में बच्चे का स्वागत करेंगे।' क्वितोवा ने जुलाई 2023 में अपने कोच जिरी वानेक से शादी की थी। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर हैं। वह 2011 और 2014 में विंबलडन चैंपियन बनी थी।

### जोकोविच ने सर्बिया को दिलाई चीन पर जीत

**पर्थ।** नोवाक जोकोविच ने पर्थ में एक दशक के बाद पहला मैच खेलते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में सर्बिया को चीन पर 2-1 से जीत दिलाई। जोकोविच ने



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के इस शहर में इससे पहले अपना अंतिम मैच 2013 में होपमैन कप में खेला था। जोकोविच ने एकल मैच में झांग झिझेन को 6-3, 6-2 से हराया और फिर ओल्गा डेनिलोविच के साथ मिलकर निर्णायक मिश्रित युगल में झेंग क्विनवेन और झांग के खिलाफ 6-4, 1-6, 10-6 से जीत दर्ज की। झेंग ने इस बीच डेनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर चीन को बराबरी दिलाई थी। चीन ने अपने पहले मुकाबले में चेक गणराज्य को 3-0 से हराया था लेकिन अब सर्बिया भी ग्रुप ई से आगे बढ़ने की दौड़ में शामिल हो गया है।

### वॉ ने दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और



भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित दुनिया के शीर्ष क्रिकेट बोर्डों की कड़ी आलोचना की है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टी20 लीग को प्राथमिकता देते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए कमजोर टीम का चयन किया है।

## पोलैंड ने यूनाइटेड कप में स्पेन को 2-1 से हराया, नार्वे भी जीता



एजेंसी ▶▶| सिडनी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को सोमवार को यहां स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई। एलेजांद्रो डेविडोविच फ़ोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज़ को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद स्वियाटेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया। स्वियाटेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की।

इस बीच कैस्पर रूड ने क्रोएशिया के खिलाफ एकल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज करके नॉर्वे की क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा। डोना वेकिच ने मैलेन हेल्गो को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। रूड ने फिर बोर्ना कोरिच को 6-4, 6-1 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में पहुंचा दिया, जिसे नॉर्वे ने टाईब्रेकर में जीता।

## भारत के लीगों में रैफरिंग में जवाबदेही की जरूरत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने सोमवार को आईएसएल और आईलीग में रैफरिंग के स्तर पर बरसते हुए कहा कि जवाबदेही की सख्त जरूरत है। चौबे ने रविवार को एक वर्चुअल बैठक में रैफरिंग का स्तर बेहतर करने के तरीकों पर बात की। रैफरिंग से जुड़े मसलों पर चिंता जताते हुए चौबे ने कहा कि इससे जुड़े लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए। आईएसएल के सात मैचों में 24 और



आई लीग में चार मैचों में विवादित फैसले देखने को मिले। चौबे ने कहा, 'इस सत्र में रैफरी के फैसलों को लेकर काफी चिंताएं जताई गई हैं। क्लबों ने अपने दावों की पुष्टि के लिए वीडियो साक्ष्य जमा किए हैं। रैफरियों की गलती से कई मैच प्रभावित हुए और अब इसमें जवाबदेही तय होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि खेल में प्रतिस्पर्धी विकास के चलते एआईएफएफ पिछले एक साल से रैफरियों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## ओसाका की मां बनने के बाद सफल वापसी

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की। जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी। यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी। जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने ऑस्ट्रेलिया के मैक्स परसेल को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया, लेकिन पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के 21 वर्षीय खिलाड़ी और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त



बेन शेल्टन को रोमन सफीउलिन से 6-3, 6-7 (5), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। मेलबर्न में 14 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल काफी महत्व रखता है।

## भारतीय महिला टीम का सामना आस्ट्रेलिया से आज

# हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई। पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी। इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा।

भारत ने वनडे श्रृंखला से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे। इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है।



### क्षेत्ररक्षण सबसे बड़ी चिंता

*भारतीय टीम के लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन है। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम को इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान का फरवरी 2007 के बाद से नहीं हरा पाई है और अगर उसे हार का यह सिलसिला खत्म करना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच मजूमदार ने पुष्टि की कि स्नेह राणा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी। जहां तक ऑस्ट्रेलिया की बात है तो वह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा।*

## नीरज के बाद किशोर और मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल कर दिया गया है।

मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है। जेना हंगरी



के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2023 में पांचवें जबकि मनु छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के तीन खिलाड़ियों का शीर्ष छह में शामिल होना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत के अब सात खिलाड़ी एआईयू के आरटीपी में शामिल हो गए हैं।

## चिंतन

# शानदार टैक्स आंकड़ों से नव वर्ष का आगाज

नव वर्ष का आगाज आर्थिक मोर्चे पर बेहतर खबर से हुई है। दिसंबर में रिकार्ड जीएसटी संग्रह हुआ है, साल के पहले दिन ही शेयर बाजार ने नई ऊचाई छुई है, तो प्रत्यक्ष कर संग्रह का आंकड़ा भी आकर्षक आया है। सोने व चांदी के भाव में भी निवेशकों के लिहाज से तेजी दर्ज किया गया। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसके साथ ही अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 14.97 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान अवधि में इन नौ महीनों में कर संग्रह 13.40 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने की अवधि में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में दर्ज 1.49 लाख करोड़ रुपये के औसत कर संग्रह से 12 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि दिसंबर इस वर्ष का सातवां महीना है जिसमें 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ है। नए साल के पहले दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स व निफ्टी दोनों में तेजी रही। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद, वैश्विक स्तर पर महंगाई में कटौती, बॉन्ड प्रतिफल के नरम होने के चलते बाजार ने मजबूती दिखाई। इस सप्ताह, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होगा। इससे 2024 में नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्थिति साफ होगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में 31 दिसंबर तक 8.18 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किये गये हैं, जबकि एक साल पहले 31 दिसंबर, 2022 तक 7.51 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गये थे। यह बीते वित्त वर्ष 2022-23 में भरे गये कुल आयकर रिटर्न से नौ प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के गत माह 17 दिसंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 20.66 फीसदी बढ़कर 13.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जमा होने की उम्मीद है। टैक्स संग्रह के ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाते हैं। इस वक्त भारत की जीडीपी दर दुनिया में सबसे तेज है। अर्थव्यवस्था के सभी इंडिकेटर सकारात्मक हैं, केवल खाद्यान्न महंगाई, बेरोजगारी और सर्विस सेक्टर के आंकड़े आकर्षक नहीं हैं। नव वर्ष के पहले दिन ही कर संग्रहों के आंकड़ों ने शुभ संकेत दिए हैं। हालांकि भूराजनीतिक तनाव, दो दो जंग, क्षेत्रीय संघर्ष, ट्रेड वार, ग्लोबल आपूर्ति तंत्र में रुकावटें आदि वैश्विक संकट नव वर्ष में भी कायम रहेंगे, जिनसे निपटते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मोमेंटम बनाए रखना होगा। चुनावी वर्ष होने के चलते इस साल आर्थिक गतिविधियां तेज रहेंगी, लेकिन इसके साथ ही लोकलुभावन घोषणाओं के चलते सरकार पर वित्तीय दबाव भी रहेगा। इसके बावजूद टैक्स कलेक्शन में तेजी एक अच्छा संकेत है। दुनिया आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देख रही है, जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे। उम्मीद है नए साल में भी टैक्स कलेक्शन नया रिकार्ड बनाता रहेगा।



# मानवाधिकार संरक्षण हो संकल्प

नव वर्ष
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर खतरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। नव वर्ष में मानवाधिकार संरक्षण पर जोर होना चाहिए।

समय के सापेक्ष चलने में बहादुरी नहीं है। समय के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करने का वक्त है। विश्व में वर्ष 2023 में कई अद्भुत घटनाएं घटीं। हम 2024 में प्रवेश कर रहे हैं। 2023 को जल्द ही हम भूल जाएंगे। इस भूलभुलैया में कटी जा रही ज़िंदिगी के बारे में विचार करें आप तो कभी कभी ऐसा लगेगा कि हम कितने भुलक्कड़ हैं जी। हम कल कुछ और सोच रहे थे और आज कुछ और। लेकिन यह जो आज के मुताबिक सोच रहे हैं, कल जो खोया-पाया उसे तो हम भूल ही गए। अच्छा हो, हम हर पल यादगार, अविस्मरणीय स्मृति बनाएं। अच्छा हो हम कुछ ऐसा करें जो केवल अपने लिए न हो, वरन सबके लिए हो। ऐसा करने के लिए हमें हमारे सचेतन मन के साथ मेलजोल बनाकर आगे बढ़ना आवश्यक होगा। 2023 के लिए मानवाधिकार क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार विजेताओं की घोषणा हुई। इसमें मानवाधिकार केन्द्र 'वियास्ना', बेलारूस, जूलिएन लुसेंज, काँगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मानवाधिकार अध्ययन के लिए अम्मान केन्द्र, जॉर्डन, जूलियो पेरेरा, उरुग्वे, स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण के अधिकार की सार्वभौमिक मान्यता के लिए नागरिक समाज संगठनों, आदिवासी लोगों समेत अन्य हितधारकों का वैश्विक गठबंधन, इन्हें मानव अधिकारों के हितधारक बताया गया है। यह पुरस्कार इसलिए दिए जाते हैं ताकि नई पीढ़ी के लोग आगे आकर ऐसे कर्त्तव्य करें जिसमें समाज का हित शामिल हो। सबकी गरिमा की रक्षा होती हो या ऐसे नागरिक समज का निर्माण होता हो, जो मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए अभी, और भविष्य में भी काम आएंगे। यह सचेतन मन वाले लोग हैं जो दुनिया में व्याप्त दर्द को समझकर उनके लिए काम कर रहे हैं। पुरस्कार उनके अभिनंदन का प्रतीक हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हमारी पृथ्वी पर चल रहे व्यापक रोष पर चिंता जाहिर की और दुनिया के राष्ट्राध्यक्षों को चेताते हुए व्यापक सुधार की गुहार लगाई। इसमें भी वे सचेतन मन की तलाश कर रहे हैं। चाहे वह वैयक्तिक सचेतन मन हम समझें या वैश्विक स्तर पर राज्यों के सचेतन मन को समझें। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चिंता व्यापक मानवता पीड़ा की है। उनकी चिंता हमारे प्लानेट पर ख़तरे की है। उनकी चिंता 2023 रिकॉर्ड में दर्ज सबसे गर्म साल की है और बढ़ती निर्धनता और भोजन अभाव में जी रहे लोगों की है। महासचिव गुटेरेश चाहते हैं कि युद्धों की संख्या और तीव्रता बढ़ती जा रही है और आपसी विश्वास घट रहा है। एक-दूसरे पर उंगली उठाने और बन्दूक तानने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं, ये सब बंद हो। उनका मानना है कि जब हम एक साथ खड़े होते हैं, तो मानवता मज़बूत होती है।

एंटोनियो गुटेरेस के मन में कहीं न कहीं मानव अधिकारों के गिरते स्तर पर भयानक आक्रोश है क्योंकि ये सभी तत्व मानवाधिकारों के हनन के कारक बने हुए हैं और देश एक दूसरे से दूर भाग रहे हैं। एक बार हम सभी नववर्ष के स्वागत में जब खड़े हैं तो एंटोनियो गुटेरेस ने नववर्ष 2024 को विश्वास के पुनर्निर्माण और आशा की




बहाली का साल बनाने की पुकार लगाई। साझा समाधानों की ख़ातिर, मतभेदों को दूर करके, एकजुट होने का आह्वान किया। जलवायु कार्रवाई, आर्थिक अवसरों और एक निष्पक्ष वैश्विक वित्तीय प्रणाली के लिए, जिसका लाभ सर्वजन को पहुँचाया जा सके इसके लिए हमें साथ मिलकर, उस भेदभाव और नफ़रत के ख़िलाफ़ खड़ा होने को कहा है जो देशों और समुदायों के बीच संबंधों में ज़हर घोल रहे हैं। उनका आह्वान है कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी नई प्रौद्योगिकियों से, कल्याण सुनिश्चित हो। संयुक्त राष्ट्र, दुनिया को शान्ति, सतत विकास और मानवाधिकारों के लिए एकजुट करने के प्रयास जारी रखेगा। आइए! 2024 को, उन सभी चीज़ों में विश्वास और आशा पैदा करने का वर्ष बनाने का संकल्प लें, जिन्हें हम साथ मिलकर पूरा कर सकते हैं।

अब सवाल यह है की महासचिव की बात को लोग गंभीरता से लेते हैं की हवा-हवाई बनाकर उड़ा देते हैं। जो भी हो, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के सचेतन मन सकारात्मक विश्व के निर्माण की दिशा में आह्वान कर रहे हैं। उस अच्छी पृथ्वी की संकल्पना कर रहे हैं जिसमें शुद्ध हवा, शुद्ध मन, शुद्ध विचार प्रवाहित हों। शांति कायम हो। सतत विकास लक्ष्य हासिल हो सकें। ये देश जो संप्रभुता के भयंकर अहंकार में पागल हुए जा रहे हैं, उन्हें सचेत करने की कोशिश निश्चय ही मानवाधिकारों के लिए अहम हैं। यदि 2023 में भय, रक्तपात और युद्ध से हमें गाजा को विस्मरण करा रहे हों और यूक्रेन व रूस के संकट भी हम भूल रहे हों तो एंटोनियो गुटेरेस की उस दर्द भरी पुकार व अंतर्मन की पीड़ा को महसूस कर लेना चाहिए। यह हम सभी मनुष्यों के हित के लिए आह्वान है। 2024 को सँवरकर और सँवारकर चलने की आवश्यकता है। वरना हमने करोड़ों के आँखों में आँसू लाने का प्रयास पूरे वर्ष किया है। लाखों बेघर हुए। लाखों विस्थापित हुए। लाखों शरणार्थी बने। ये सब अनागरिक होकर जी रहे हैं। अनागरिक लोगों के अंतःकरण से पूछें तो पता चलेगा की अनागरिक होकर दूसरे देश में शरणार्थी बनकर कैसा जीवन होता है। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार का वर्ष 2023 का पुरस्कार मिला है वे अपने क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे थे। वर्षों से उन आवाजों को उठा रहे थे जिनकी कोई नहीं सुनता है। अब 2024 यह हमसे मांग कर रहा है की मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए आगे आइए और हमारी आवाज़ में अपनी आवाज़ को शामिल कर हमारे हक़ की रक्षा कीजिए। स्वयंसेवी संस्थाएं, सेवभावी लोग, आमजन के हितैशी, करुणाशील लोग व राज्य आप सब हमारे साथ आओ और हमारी आवाज़ बनो। यह संयुक्त राष्ट्र सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगांठ के सेलिब्रेशन का है तो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सक्षम प्राधिकारी नागरिकों के हित के लिए आगे आइए। समय के सापेक्ष अगर चल सको और सचेतन मन से कुछ कर सकने का साहस हो, तो 2024 का यह वर्ष हमसे यह मांग कर रहा है की इस वर्ष सभी मानवाधिकारों के लिए सजग नागरिक बनकर सजग मानवाधिकार से परिपूर्ण समाज का निर्माण करें। वैयक्तिक सुख का त्याग करके यदि समष्टिगत चिंता करने वाले व्यक्ति, समुदाय, राज्य विश्व में व्याप्त आज की चुनौतियों का सचेतन मन से सामना करेंगे तो एक ऐसे भविष्य के हम निर्माता बन सकते हैं जो हमारे सुख व शांति के कारक बनें। वर्ष 2023 की अनचाही घाव को भरने में सफलता मिलेगी। यदि हमारी सद-इच्छाएं हमारे साथ होंगी तो हम अपनों की पीड़ाओं को जरूर कम कर सकेंगे। उन्हें आशा दे सकेंगे। लोकतांत्रिक स्वातंत्र्य का एहसास दे सकेंगे।

(लेखक राष्ट्रपति के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
शशिधर खान



# पूर्वोत्तर में शांति के लिए शुभ नव वर्ष

नया साल पूर्वोत्तर शांति के लिए शुभ माना जा सकता है, क्योंकि 2023 समाप्त होते-होते असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में 40 वर्षों से हिंसा का पर्याय बने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के साथ त्रिपक्षीय समझौता शांति के एक नए युग की शुरूआत है। नेशनल सोसलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम (एनएससीएन - आई एम) को छोड़ दें तो उल्फा के साथ शांति समझौते के बाद पूर्वोत्तर में हिंसा और अलगाववाद पर आधारित उग्रवादी का लगभग खात्मा हो गया है । नगालैंड और मणिपुर में सक्रिय एनएससीएन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे मजबूत और खूंखार उग्रवादी गुट उल्फा का नेटवर्क असम ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर तक पसरा हुआ था । इसलिए उल्फा के साथ शांति समझौता सही माएने में ऐतिहासिक और बहुत बड़ी उपलब्धि है । एनएससीएन की तरह उल्फा के साथ भी सशस्त्र बलों की बदौलत और वार्ता के जरिए भी किसी नतीजे पर पहुंचना संभव नहीं हो पा रहा था । एनएससीएन के स्वतंत्र संप्रभु नगालिम की मांग भारत की आजादी के समय से चली आ रही है । कुछ मुट्ठी भर अड़ियल नगा नेताओं की अव्यावहारिक हठधर्मी भारतीय संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत इस अलगाववादी गुट को आने नहीं दे रही है। लेकिन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा) के अस्तित्व में आने की कहानी 1980 के दशक के असम छात्र आंदोलन के समय से जुड़ी हे। हिंसा की बदौलत 'स्वाधीन असोम'की मांग भारत सरकार से मनवाने के लिए 1979-80 में उल्फा की नींव रखी गयी । असम छात्र आंदोलन की आड़ में यह ऐसा उग्रवाद पनपा, जिसे भारत राष्ट्र से अलग 'स्वाधीन असोम'चाहिए था, जहां असमिया के अलावे कोई अन्य न रहे ।

यह अच्छा संयोग रहा कि 29 दिसंबर को दिल्ली में हुए त्रिपक्षीय समझौते के समय उल्फा के संस्थापक अरविंद राजखोबा मौजूद थे, जो अभी-भी उल्फा के प्रमुख हैं । समझौते पर हस्ताक्षर करनेवाले को अन्य उल्फा नेता अनूप चेतिया और सशाधर चौधुरी भी संस्थापकों में से हैं । यह त्रिपक्षीय समझौता केंद्र, राज्य सरकार और उल्फा नेताओं के बीच हुआ है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण तथा शुभ यह है कि ये लोग हिंसा छोड़कर भारतीय संवैधानिक दायरे के अंतर्गत राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने को राजी हुए हैं । असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का इस समझौते को 'ऐतिहासिक'और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 29 दिसंबर को असम का 'स्वर्ण दिवस'कहना सही है । 2009 में बांग्लादेश से प्रत्यर्पण संधि के बाद इन उल्फा नेताओं को भारत लाया गया । पहले कुछ दिन हिरासत में रखा गया, फिर शांति वार्ता शुरू हुई । 2011 से शांति वार्ताओं की जानकारी आने लगी। खुफिया अधिकारियों के प्रयास विफल होने के बाद असम के गणमान्य नागरिकों की भी मदद मिल गयी, जिसमें प्रख्यात असमिया लेखिका ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता इंदिरा गोस्वामी भी शामिल थी । मगर कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला । उल्फा हमले से निबटने के लिए सेना और केंद्रीय बल तैनात रहे, वार्ता विफल होने की खबरें आती रही । लेकिन वर्ष 2019 से 2023 के दौरान यह पक्का पता नहीं चल पा रहा था कि उल्फा से वार्ता जारी भी है या नहीं।

इस अर्थ में भी यह समझौता ऐतिहासिक है, कि वार्ता मजमून का खुलासा एक ही बार तब हुआ, जब उल्फा नेताओं को केंद्र के वार्ताकार हस्ताक्षर के लिए दिल्ली लेकर पहुंचे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उत्तर पूर्व में शांति और विकास के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं । इस दौरान 9 शांति समझौते उल्लेखनीय हैं, जो पूर्वोत्तर शांति वार्ता में कई दशकों से रोड़े थे । 2019 में इसकी शुरूआत त्रिपुरा के एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) से हुई । उसके बाद 2020 का बोडो और ब्रू समझौता, 2021 में कर्बी एंग्लोंग, 2022 का आदिवासी समझौता के अलावे मणिपुर के सबसे पुराने उग्रवादी गुट युनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ समझौता (2023) गिनाया जा सकता है। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद कई वर्षों से हिंसक झड़पों का कारण बना हुआ था। 2023 में इस पर भी केंद्र ने राज्य सरकारों में सहमति बनायी। शुरू से ही वार्ता विरोधी उल्फा संस्थापकों में से एक परेश बरूआ के बारे में कोई पक्की सूचना नहीं है कि वह अपनी हिंसक गतिविधियां म्यांमार से चलाता है या बांग्लादेश से। परेश बरूआ पर शिकंजा कसने के लिए इस बात को ध्यान में रखना होगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय एक कमिटी बनाकर उल्फा की मांगों पर विचार करेगी। कई नगा गुटों से भी केंद्र का संघर्षविराम चल रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2024 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# जरूरत पड़ने पर अमेरिका का नामोनिशान मिटा दे : किम


उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका 'नामोनिशान मिटा' देना चाहिए। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया ने बताया कि इसके साथ ही किम ने अमेरिकी नेतृत्व वाले अभूतपूर्व टकराव से निपटने के लिए राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने का संकल्प जताया है। अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के विस्तार के जवाब में उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में इस तरह की बयानबाजी तेज कर दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले तक उत्तर कोरिया इस तरह की बयानबाजी और हथियारों का परीक्षण जारी रख सकता है। पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए है। सेना के कमांडिंग अधिकारियों के साथ रविवार को हुई बैठक में किम ने देश के परमाणु हथियारों के संदर्भ में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा की खातिर 'सबसे कीमती हथियार' को हमले के लिए तैयार रखना जरूरी है।



## ऑफ बीट

# मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है - और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है - कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो - अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ - आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।



## ट्रेंड

### सबके लिए खुशी लाए

सभी को नये साल की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2024 सभी के लिए खुशियां, शांति और समृद्धि लाए। आइए हम समावेशी और सतत विकास में योगदान देने की नई प्रतिबद्धता के साथ नये साल का स्वागत करें।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



### समृद्धि लाए नव वर्ष

सभी को 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए समृद्धि, शांति और बेहतर स्वास्थ्य लाए। यह वर्ष सभी के जीवन में समृद्धि लाए। विकसित भारत तथा आत्मनिर्भरता की भावना को 2024 में भी बनाए रखें।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### रोजगार की गारंटी दें

इस नववर्ष से सरकार केवल 'रोज़गार की गारंटी' सुनिश्चित कर सच्ची देशभक्ति व राजधर्म का निर्वहन करे। इस संसदीय चुनाव वर्ष में जनहित व जनकल्याण को समर्पित बहुजनों के उम्मीदों की सर्वजन हितैषी सरकार बनाएं, लोगों से यही पुरजोर अपील। **-मायावती, पूर्व सीएम**



### नए लक्ष्य पाने का अवसर

मैं नव वर्ष के मौके पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 2024 सभी लोगों के लिए खुशी, शांति व समृद्धि लेकर आए।नव वर्ष हमें नए अवसरों को तलाश करने की उम्मीद तथा नए लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा देता है।

**-वाईएस जगनमोहन रेड्डी, सीएम, एपी**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### पाक और पीओके में छिपे 23 आतंकी भगोड़े घोषित



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की अदालत ने सोमवार को किश्तवाड़ जिले के 23 आतंकियों को भगोड़ा घोषित किया है। ये आतंकी पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले पीओके में छिपे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि डोडा में गैरकानूनी गतिविधियों के चलते नोटिस दिया था।

### गुरुग्राम में वारदात गाजियाबाद में आत्महत्या



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी मेट्रो स्टेशन से कूदकर एक युवक ने जान दे दी। इसके पहले आरोपी ने गुरुग्राम में अपनी पत्नी की ब्लेड से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी पति वहां से फरार होकर गाजियाबाद आ गया था।

### अर्जुन पुरस्कार विजेता डीएसपी का मिला शव



**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर में अर्जुन पुरस्कार विजेता पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलबीर सिंह देयोल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। स्थानीय गुलाब देवी रोड पर एक नहर के किनारे उनका कई चोटों वाला शव बरामद हुआ।

### तमिलनाडु में कर्मचारी की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने अदालत के धन के कथित गबन के मामले में तमिलनाडु में एक अदालत अनुवादक और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जांच के तहत एक भूखंड, भवन, एक एसयूवी और नकदी सहित कुल 1.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि आरोपी सी थिनगराजा पर सबसे पहले तंजावुर जिले में कार्रवाई की गई।

### बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 600 मामले, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** कुछ ही साल पहले भारत समेत पूरी दुनिया में तबाही मचाने वाले कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर से सामने आने लगे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना वायरस के कुल 636 नए मामले सामने आए हैं। बड़ी बात ये भी है कि कोविड-19 वायरस से संक्रमित होने के कारण 3 लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। इसके साथ ही देश में कोरोना के मरीजों की कुल संख्या 4,394 पहुंच गई है।

---

### राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्राइवेट गाड़ियां भी नहीं चलीं

# हिट एंड रन कानून के नए नियम के खिलाफ 8 राज्यों में ट्रक और बस ड्राइवर रहे हड़ताल पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक ड्राइवरों की बेमियादी हड़ताल का सोमवार को तीसरा दिन रहा। इस दौरान 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर रहे। बता दें कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चलीं। जबकि राजस्थान में आधे दिन प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलीं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। बिहार की राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों में भी ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया। वहीं उत्तराखंड, पंजाब और यूपी में ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

### 7 लाख का जुर्माना व 10 साल तक कैद का है प्रावधान



### कानून पर विचार करे सरकार : ट्रांसपोर्ट कांग्रेस

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन के आह्वान पर ही चक्का जाम और हड़ताल शुरू हुई है। एआईएमटीसी की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए। एआईएमटीसी के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र और ट्रक चालकों का है। भारत इस समय वाहन चालकों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में 10 साल की सजा के प्रावधान के बाद अब ट्रक ड्राइवर नौकरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### ट्रकों की हड़ताल से जरूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी। भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक हर साल 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं, जो हर दिन जरूरत का सामान एक शहर से दूसरे शहर ट्रांसपोर्ट करते हैं।



### मध्यप्रदेश : यात्री रहे परेशान पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें

मध्य प्रदेश में बस ड्राइवर हड़ताल पर हैं। अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं। अकेले इंदौर में करीब नौ सौ बसें बंद हैं। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे तो पंपों पर भारी भीड़ लग गई। बालाघाट में भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा।

### बिहार : ड्राइवर बोले 10 लाख कहां से लाएंगे

बिहार में भी ट्रक ड्राइवर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल ट्रक ड्राइवर मुन्ना ने बताया कि 10 हजार रुपए की तनख्वाह मिलती है। ऐसे में नए कानून के मुताबिक कहां से जमानत के लिए 7 लाख रुपए लाएंगे। 9-10 हजार की तनख्वाह मिलती है। दूसरी जिल्लत भरी जिंदगी है हम लोगों की।

### छग : स्टैंड से नहीं हिली बसें, सरगुजा में झड़प

छत्तीसगढ़ में सोमवार से बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते अधिकतर जिलों में बसों और ट्रकों के पहिए थम गए हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, जगदलपुर सहित अन्य जिलों में स्टैंड से बसें नहीं निकली हैं। वहीं हाईवे पर ट्रक खड़ा कर चालकों ने जाम लगा दिया है। वहीं, सरगुजा में झड़प की खबरें में सामने आईं।

### राजस्थान : गाड़ियों के चक्के जाम, नारेबाजी की

हिट एंड रन में नए कानून के विरोध में वागड़ बस एसोसिएशन ने सोमवार को प्रदर्शन किया। आधा दिन तक प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलाई। शहर में रैली निकाली और प्रदर्शन करते हुए नए कानून का विरोध जताया। केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन केस में नए कानून को लेकर प्राइवेट गाड़ी संचालकों में विरोध है। डूंगरपुर में प्राइवेट बस एसोसिएशन ने सोमवार को आधे दिन के लिए गाड़ियों के चक्के रोक दिए। इससे शहर से गांवों में जाने वाली प्राइवेट गाड़िया नहीं चली। इससे लोगों को परेशानी हुई। बस, जीप समेत अन्य गाड़ी संचालकों ने नए बस स्टैंड के पास इकट्ठे हुए और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्री पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार ने बताया कि नया हिट एंड रन कानून गाड़ी ड्राइवरों के विरोध में है। कोई भी गाड़ी ड्राइवर कभी भी एक्सीडेंट करना नहीं चाहता है, लेकिन घटना के बाद मौके पर खड़े रहना खुद को मौत के मुंह में डालने के बराबर है।

---

### जीरो टेरर प्लान पर चर्चा होगी

## जम्मू-कश्मीर सुरक्षा पर शाह आज करेंगे हाई लेवल मीटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राजधानी दिल्ली में जम्मू-कश्मीर सुरक्षा मुद्दे को लेकर हाई लेवल मीटिंग करने जा रहे हैं। मीटिंग में जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था की स्थिति, सिक्योरिटी ग्रिड, एरिया डोमिनेशन प्लान, यूएपीए से जुड़े मामले और जीरो टेरर प्लान पर चर्चा होगी। साथ ही यहां के डेवलपमेंट की भी समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, मीटिंग में एनएसए अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, जम्म-कश्मीर पुलिस के डीजीपी आर आर स्वैन, आईबी निदेशक तपन डेका, सीआरपीएफ-बीएसएफ के महानिदेशक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। मीटिंग के दौरान गृह मंत्री शाह जम्मू-कश्मीर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने साल 2021 में जम्मू-कश्मीर के लिए 28,400 करोड़ रुपए की नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी की घोषणा की थी। इसके तहत साल 2022-23 के दौरान इंडस्ट्रियल एरिया में 2153.45 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट आया है। साल 2023-24 के लिए नवंबर 2023 तक 2326.65 करोड़ का निवेश हो चुका है। इससे पहले गृह मंत्री शाह ने 13 जनवरी 2023 को भी जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर हाई लेवल मीटिंग की थी।

### केंद्र से ट्रेन न मिलने के बाद फैसला

## पंजाब के बुजुर्ग हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा करेंगे : भगवंत

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



केंद्र सरकार द्वारा ट्रेन मुहैया न करवाए जाने के बाद अब पंजाब सरकार ने नया फैसला लिया है। सरकार अब हवाई जहाज से बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराएगी। इसके लिए सरकार ने चार्टर्ड फ्लाइट्स बुक करवा दी है। इसका ऐलान सीएम भगवंत सिंह मान जल्द ही कर कर सकते हैं। पंजाब सरकार द्वारा 27 नवंबर 2023 को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर स्पेशल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की गई थी। तब से लेकर अब तक केवल एक ट्रेन श्रद्धालुओं को लेकर जा पाई है। पहला जत्था श्री हजूर साहिब के लिए रवाना हुआ था। रेलवे की तरफ से रही दिक्कत की वजह से 6 दिसंबर को जालंधर से वाराणसी जाने वाली ट्रेन रद हो गई थी। अब 15 दिसंबर को मालेरकोटला से अजमेर शरीफ जत्था जाना था, लेकिन रेलवे की तरफ से असमर्थता जता दी गई है। हालांकि राज्य सरकार ने 15 दिसंबर की ट्रेन के लिए 1.34 करोड़ रेलवे को जमा करवाए हुए हैं। सरकार की तरफ से यह यात्रा लोगों को एसी ट्रेन में करवाई जा रही है, जबकि रेलवे का तर्क है कि उनके पास जनरेटर कारों का अभाव है।

---

## अयोध्या का फैसला जजों की सर्वसम्मति से हुआ : चीफ जस्टिस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि अयोध्या केस का फैसला जजों ने सर्वसम्मति से लिया था। उन्होंने कहा- अयोध्या में संघर्ष के लंबे इतिहास और विविध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ही इस केस से जुड़े सभी जजों ने फैसले पर एक राय बनाई। नवंबर 2019 में अयोध्या रामजन्मभूमि केस में फैसला लिखने वाले जज का नाम सामने नहीं आया था। सीजेआई ने इसी पर कहा कि फैसले से पहले जजों ने आपस में बैठकर यह तय किया था कि ये अदालत का फैसला होगा, किसी जज विशेष का नहीं। सीजेआई ने एक इंटरव्यू में सेम सेक्स मैरिज पर दिए फैसले को लेकर भी बात की। सीजेआई ने बताया कि फैसले के बाद जो भी नतीजे आए, उन पर कोई पछतावा नहीं है।

## अयोध्या : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 'अक्षत' वितरण शुरू, 15 जनवरी तक जारी रहेगा

**अयोध्या (भाषा)।** अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक हफ्ता पहले ही आयोजकों ने एक जनवरी से पूजित 'अक्षत' (चावल, हल्दी और घी का मिश्रण) का वितरण शुरू कर दिया जो 15 जनवरी तक जारी रहेगा। मंदिर न्यास के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर की जाएगी। अक्षत युक्त कागज की पुड़िया, राम मंदिर का चित्र और मंदिर के ढांचे का ब्योरा देने वाले पर्चे लोगों में बांटे गये। मंदिर न्यास के शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा इसके माध्यम से लगभग पांच लाख मंदिरों के करीब रहने वाले समुदायों को राम मंदिर की तस्वीरें और अन्य विवरण मिलेंगे।

---

### कांग्रेस ने केंद्र पर लगाए आरोप

## मनरेगा के 7.6 करोड़ मजदूर सिस्टम से हटाए गए : रमेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने मोदी सरकार पर मनरेगा के 7.6 करोड़ मजदूरों को सिस्टम से हटाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि नया पेमेंट सिस्टम लाकर सरकार ने 10.7 करोड़ मजदूरों को पेमेंट पाने से भी अयोग्य कर दिया है क्योंकि वे समय रहते इस पेमेंट सिस्टम से नहीं जुड़ पाए। दरअसल, जयराम रमेश सरकार के आधार-बेस्ड पेमेंट सिस्टम की बात कर रहे थे। ये योजना 2017 से लागू है, लेकिन सरकार ने 31 दिसंबर, 2023 को मनरेगा के तहत काम करने वाले सभी मजदूरों के लिए अनिवार्य कर दिया है। यानी इन मजदूरों को एबीपीएस के तहत की पेमेंट मिलेगा। जो मजदूर इस पेमेंट सिस्टम से नहीं जुड़ पाए, वे पेमेंट नहीं पा सकेंगे। जयराम ने कहा कि सबसे गरीब और हाशिए पर रहने वाले करोड़ों भारतीयों को पीएम मोदी ने नए साल का क्रूर तोहफा दिया है।

## डेडलाइन बीत गई, सीट शेयरिंग पर नहीं बनी बात

### आईएनडीआईए गठबंधन की अंतिम बैठक में 31 दिसंबर तय की गई थी डेडलाइन


- घटक दल अपने अपने स्तर पर सीट शेयरिंग को लेकर कर रहे आपसी विचार मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की 19 दिसंबर को दिल्ली में बैठक हुई थी। इस बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन ने 31 दिसंबर की डेडलाइन तय की थी। 31 दिसंबर की तारीख बीत गई। समय चक्र की चाल अब चुनावी साल में प्रवेश कर गई है लेकिन विपक्षी गठबंधन में अभी तक कुछ तय नहीं हो सका है। अब इंडिया गठबंधन के घटक दल सीट शेयरिंग को लेकर एक्टिव होते नजर आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल लेफ्ट पार्टियों के मुताबिक सीट शेयरिंग को लेकर अनौपचारिक रूप से बातचीत हो रही है। सूत्रों की मानें तो गठबंधन के घटक दल अपने-अपने स्तर पर सीटों को लेकर मंथन में जुटे हैं। कांग्रेस दो से तीन दिन में अपनी आंतरिक बैठक कर सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तैयार करेगी। इसके बाद क्षेत्रीय दलों के साथ चर्चा का दौर शुरू होगा।

## प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों में भारत की प्रगति पर लोगों से प्रतिक्रिया मांगी

- लोगों का मूड पता करने की कवायद, लोकसभा चुनाव में कुछ ही माह शेष



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगी। लोकसभा चुनाव में कुछ महीने बचे हैं और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के 'नमो' ऐप ने पिछले महीने एक सर्वेक्षण शुरू किया था ताकि उनकी सरकार और सांसदों के प्रदर्शन के बारे में लोगों के विचारों सहित विभिन्न मुद्दों पर लोगों के मूड का पता लगाया जा सके। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा अर्जित की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? नमो ऐप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें!" उन्होंने सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए लिंक भी साझा किया। 'जन मन सर्वेक्षण' के जरिए शासन और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर लोगों की प्रतिक्रिया मांगी जाती है और इसमें केंद्र सरकार के विकास कार्यों और विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सवाल शामिल होते हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रावलधी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में एससी (धानक) चौपाल का पुनरोद्धार (डी-प्लान) + 2 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 10.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | चरखी दादरी में जन कल्याण सेवा समिति वार्ड नं. 19 में ओपन किचन को पूरा करना (एमपीएलएडीएस)। | 27.12.2023 04.01.2024 | 1.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव इमलोटा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में एससी चौपाल का निर्माण (जैडपी) .. + 10 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 61.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मोरवाला, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में (अशोका पंच के मकान से रमेश पहलवान के मकान तक गली का निर्माण) गली का निर्माण (डी-प्लान)। | 27.12.2023 04.01.2024 | 92982/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2023-24 से पूर्व आरडी 0 से 12319 तक सुल्तानपुर माइनर की आंतरिक सफाई + 8 कार्य। | 27.12.2023 03.01.2024 | 9.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842255291 knldivn335@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव जयसिंह पुरा ब्लॉक असंध में लोनिवि रोड से डेरा रणबीर पुत्र मामन राम तक ऐज पर ड्राई ब्रिक रास्ते के निर्माण की कच्ची लागत, स्कीम सीएम घोषणा + 1 कार्य। | 26.12.2023 09.01.2024 | 18.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बारा गांव, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में पंचायत घर के निकट बहुउद्देश्यीय हॉल में फ्लोर का निर्माण (वीएएनजीवाई)। | 27.12.2023 09.01.2024 | 15.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | अम्बाला जिले में (आईडी 777) कि.मी. 30.00 से 42.72 तक जगाधरी बिलासपुर सढौरा नारायणगढ़ रायपुर रानी रोड (एसएच-01) पर 40 मिमी बीसी का प्रावधान। | 28.12.2023 18.01.2024 | 521.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 9 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | आईबीडीसी रामनगर, कुरुक्षेत्र में बी बॉक्सेज के निर्माण हेतु। | 01.01.2024 15.01.2024 | 8.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416890427 jdhg-hry@nic.in |
| 10 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | आईबीडीसी रामनगर, कुरुक्षेत्र में बी कीपिंग उपकरण की आपूर्ति हेतु। | 01.01.2024 15.01.2024 | 3.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416890427 jdhg-hry@nic.in |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | गढ़ी कोटाहा - एससी समुदाय के लिए सामुदायिक हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | 29.12.2023 05.01.2024 | 78.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | झामरी गांव तालाब के अंदर आउटफॉलिंग आरडी 0 से 10 कि.मी. तक गोरिया पाइप लाइन लिंक ड्रेन (अंडरग्राउंड एचडीपीई पाइप लाइन के माध्यम से) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 753.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज झिरका नूह | गांव बिवान में शमशान घाट के आईपीबी रास्ते का निर्माण, स्कीम 25511 एफ.पी. झिरका + 13 कार्य। | 28.12.2023 03.01.2024 | 63.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991314714 sdppr@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव डोहकी ब्लॉक चरखी दादरी में आईपीबी सहित पेवमेंट (मेन रोड के दोनो साइड) (जी.पी.) + 1 कार्य। | 28.12.2023 05.01.2024 | 68.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मनकावास [फिरनी के साथ-साथ] ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में गंदे पानी के लिए आर.सी.सी. नाला का निर्माण। | 29.12.2023 04.01.2024 | 18.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में उकलाना में नये लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण + 1 कार्य। | 29.12.2023 18.01.2024 | 1128.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, वार्ड-1 में बस क्यू शेल्टर का निर्माण (जिला परिषद) + 17 कार्य। | 29.12.2023 05.01.2024 | 81.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज सोनीपत | सोनीपत जिले के 17 गांवों में अमृत सरोवर तालाबों पर आरसीसी बेंचेज की आपूर्ति व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 04.01.2024 | 56.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव झोझू कलां में रास्ते की पेवमेंट + 2 कार्य। | 29.12.2023 08.01.2024 | 36.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | गांव आंवली, ब्लॉक गोहाना में संतराम पुत्र बलबीर के मकान से लोनिवि रोड तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 29.12.2023 08.01.2024 | 24.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 94165051383 jitendersinghs383@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव आहूलाना ब्लॉक कथूरा में आर्य समाज सामुदायिक केन्द्र की चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 29.12.2023 08.01.2024 | 33.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 94165051383 jitendersinghsdo957@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मोरवाला ब्लॉक और चरखी दादरी में व्यायामशाला का निर्माण (एचआरडीएफ)। | 28.12.2023 15.01.2024 | 37.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 23 | हरियाणा रोडवेज चरखी दादरी | हरियाणा रोडवेज, चरखी दादरी डिपो के बस स्टैंड और कर्मशाला में विज्ञापन बोर्ड्स / होर्डिंग्स को स्थापित करना। | 03.01.2024 22.01.2024 | 05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992725955 gmhrddr@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव शामड़ी सिसान में पंडित चौपाल से भुना रोड तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 30.12.2023 09.01.2024 | 36.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 Kram8175@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/480/23842/I/88/6 दि. 01.01.24

# नए साल के पहले ही दिन जापान में प्राकृतिक आपदा

# 21 बार हिली धरती, अंधेरे में डूबे 35 हजार घर, लोगों की सांसें अटकीं



भाषा ▶▶| तोक्यो

जापान में सोमवार को 90 मिनट के अंदर रिक्टर स्केल पर 4.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप के 21 झटके महसूस किए गए। एक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.6 मापी गई। भूकंप से 35 हजार घर अंधेरे में डूबे गए हैं। लोगों की सांसें अटक गई है। उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है और लोगों को यहां से बाहर निकाला जा रहा है। जापान के मौसम विभाग ने इशिकावा प्रांत के नोटो शहर में एक बड़ी सुनामी की चेतावनी जारी है, जिसमें लगभग 5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताई गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे के तुरंत बाद इशिकावा के समुद्र तट और आसपास के प्रांतों में एक दर्जन भूकंप आने की सूचना दी, जिनमें से एक की प्रारंभिक तीव्रता 7.6 मापी गई। इशिकावा के लिए सुनामी चेतावनी जारी की।

## इशिकावा प्रान्त के कानाज़ावा में मंदिर क्षतिग्रस्त



भूकंप से बचने के लिए बाजार में दुबके लोग

परमाणु संयंत्रों को नुकसान की अभी तक सूचना नहीं

तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील

## भारतीय दूतावास ने आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया

जापान के पश्चिमी तट पर आए कई शक्तिशाल भूकंप के झटकों को लेकर जारी सुनामी अलर्ट के बाद यहां स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को उन भारतीयों के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जो किसी तरह की मदद चाहते हैं। जापान ने सोमवार को अपने पश्चिमी तट पर आए कई शक्तिशाली भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की और लोगों से समुद्र तटीय इलाकों को खाली करने के लिए कहा। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने शाम चार बजे के तुरंत बाद इशिकावा के तट और आसपास के प्रान्तों में भूकंप की सूचना दी, जिनमें से एक की प्रारंभिक तीव्रता 7.6 आंकी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप के कारण आग लग गई और भूकंप प्रभावित मुख्य द्वीप के पश्चिमी तट पर लोग मलबे में फंस गए। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट करके कहा, ''दूतावास ने एक जनवरी, 2024 को आए भूकंप और सुनामी के संबंध में किसी से भी संपर्क करने के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।



## चेतावनी : अभी दो-तीन दिन आ सकते हैं बड़े भूकंप

मौसम विज्ञान एजेंसी ने प्रेसवार्ता में कहा कि अगले सप्ताह, खासकर अगले दो या तीन दिनों में इस क्षेत्र में और बड़े भूकंप आ सकते हैं। जापान के उत्तरी हिस्से में स्थित होकाइदो द्वीप के अलावा उत्तर कोरिया और रूस के कुछ हिस्सों में समुद्र में एक मीटर ऊंची लहरे उठने की चेतावनी जारी की गई है। रूस के अधिकारियों ने सखालिन द्वीप के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। वहीं, दक्षिण कोरिया में मौसम एजेंसी ने कुछ पूर्वी तटीय शहरों के निवासियों से समुद्र के स्तर में संभावित बदलावों पर नजर रखने का आग्रह किया है।



## फुकुशिमा प्लांट पर पैनी नजर

जापानी मीडिया के मुताबिक फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट पर पैनी नजर रखी जा रही है। दरअसल, जापान में मार्च 2011 में 9 तीव्रता वाले भूकंप के कारण जबरदस्त सुनामी आई थी। तब उठी सुनामी की लहरों ने फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट को तबाह कर दिया था। इसे पर्यावरण को नुकसान के लिहाज से बड़ी घटना माना गया था। तब समुद्र में उठी 10 मीटर ऊंची लहरों ने कई शहरों में तबाही मचाई थी। इसमें करीब 16 हजार लोगों की मौत हुई थी। हर साल दुनिया में कई भूकंप आते हैं, लेकिन इनकी तीव्रता कम होती है। नेशनल अर्थक्वेक इंफॉर्मेशन सेंटर हर साल करीब 20,000 भूकंप रिकॉर्ड करता है।

## वाजिमा शहर में लगी आग

### चेतावनी के बाद भी बजते रहे अलार्म

जापान के सरकारी प्रसारणकर्ता एनएचके टीवी के मुताबिक, सुनामी की लहरें उठने के चलते शुरुआती चेतावनी के बाद भी अलार्म लगभग दो घंटे तक बजता रहा। प्रांत में भूंकप बाद के झटके आने से लोगों में डर का माहौल बन गया। सरकार के प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने संवाददाताओं को बताया कि भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में स्थित परमाणु संयंत्रों को किसी तरह का नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं है। उन्होंने तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील करते हुए कहा, ''हर एक मिनट अहम है। कृपया तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।'' एनएचके के मुताबिक, जापान के पश्चिमी तट पर निगाटा और अन्य क्षेत्रों में लगभग तीन मीटर ऊंची सुनामी आने की आशंका जताई गई। इसके अनुसार, समुद्र तट पर कम ऊंचाई की सुनामी लहरें पहले ही दर्ज की गई हैं।



### रिंग ऑफ फायर पर बसा है जापान

जापान भूकंप के लिहाजे से सेंसिटिव है। यहां भूकंप आते रहते हैं, क्योंकि ये दो टेक्टोनिक प्लेटों के जंक्शन के पास स्थित है। इशिकावा प्रान्त, जहां भूकंप आया है, महासागर के चारों ओर भूकंपीय फॉल्ट लाइनों की एक घोड़े की नाल के आकार की श्रृंखला- रिंग ऑफ फायर के करीब स्थित है। रिंग ऑफ फायर ऐसा इलाका है जहां कॉन्टिनेंटल प्लेट्स के साथ ओशियनिक टेक्टॉनिक प्लेट्स भी मौजूद हैं। इनके असर से ही सुनामी आती है और वोल्केनो भी फटते हैं। दुनिया के 90% भूकंप इसी रिंग ऑफ फायर में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75% इसी क्षेत्र में हैं। 15 देश- जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मैक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली, बोलिविया रिंग ऑफ फायर की जद में हैं।

## खबर संक्षेप

### पाक में आधी रात को फायरिंग, 30 जख्मी

**कराची।** पाकिस्तान में नए साल के मौके पर कार्यक्रम में आधी रात को जबरदस्त हवाई फायरिंग की गई।



इससे 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। कराची पुलिस ने फायरिंग के लिए जिम्मेदार 65 लोगों को गिरफ्तार किया है। घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल है, उन्हें शहर के जिन्ना पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल सेंटर, डॉक्टर रूट सिविल हॉस्पिटल कराची और अब्बासी शहीद अस्पताल में ट्रीटमेंट के लिए भर्ती कराया गया। कराची शहर में फायरिंग फायरिंग के ज्यादातर मामले सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट से सामने आए हैं।

### आज से भारत और यूएई के बीच सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और यूएई के बीच मंगलवार 2 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2024 आयोजित किया जाएगा। यह सैन्य अभ्यास राजस्थान के जैसलमेर में होने जा रहा है। डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है।

### ब्रिटेन में कड़े अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा नियम लागू किए

**लंदन(भाषा)।** ब्रिटिश विश्वविद्यालयों में इस महीने से पढ़ाई शुरू करने वाले भारतीय सहित अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी अब अपने परिवार के सदस्यों को ब्रिटेन नहीं ला पाएंगे। सोमवार से प्रभावी ब्रिटेन वीजा मानदंडों के तहत सरकार द्वारा वित्त पोषित छात्रवृत्ति पाठ्यक्रमों और स्नातकोत्तर अनुसंधान पाठ्यक्रमों को छोड़कर सभी पर यह नियम लागू होगा। इन बदलावों का उद्देश्य छात्र वीजा का उपयोग कर ब्रिटेन में काम करने के लिए आने वाले पर लगाम लगाना।

## भोजन की तलाश में चित्रित सारस



श्रीहरिकोटा। सोमवार को नए साल के पहले दिन पेंटेड स्टॉर्क (चित्रित सारस) श्रीहरिकोटा में पुलिकट झील में मछली पकड़ने का प्रयास करते हुए। फोटोः एजेंसी

### तीन दशक से अधिक समय से जारी सिलसिला बरकरार

## भारत, पाक ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया

■ समझौता दोनों पक्षों को एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने से रोकता है

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

तीन दशक से अधिक समय से जारी सिलसिले को बरकरार रखते हुए भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों पक्षों को एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने से रोकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने वाले एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक चैनल के माध्यम से एक साथ सूची का आदान-प्रदान किया गया। नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया।

## जगन्नाथ मंदिर में सोमवार से ड्रेस कोड लागू

### फटी जींस, स्कर्ट, निकर पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक

भाषा ▶▶| पुरी (ओडिशा)

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने 12वीं सदी के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी और उनके लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य कर दिया है। उसने नव वर्ष से मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने तथा प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए ''शालीन वस्त्र'' पहनने होंगे। हाफ पैंट, निकर, फटी हुई जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन के कपड़े पहनने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



इस नियम के लागू होने से 2024 के पहले दिन मंदिर आ रहे पुरुष श्रद्धालुओं को धोती और तौलिया पहने हुए देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज में नजर आईं। एसजेटीए ने पहले इस संबंध में एक आदेश जारी किया था और पुलिस से इन पाबंदियों को लागू करने के लिए कहा था। अधिकारी ने बताया कि मंदिर की पवित्रता बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

### इजरायली सुको ने नेतन्याहू के न्यायिक बदलाव को पलट दिया

**यरुशलम।** इजराइल के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विवादास्पद न्यायिक बदलाव के एक प्रमुख प्रावधान को खारिज कर दिया। देश की शीर्ष अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए न्यायिक बदलाव के प्रावधान को खारिज कर दिया। इससे हमास के खिलाफ युद्ध से पहले इजराइली समाज में व्याप्त दरारों के फिर से खुलने का खतरा पैदा हो गया है। देश में इस प्रस्तावित न्यायिक बदलाव के कारण महीनों विरोध प्रदर्शन हुए थे।

## पाक के पूर्व पीएम इमरान खान का पर्चा नैतिक आधार पर रद : निर्वाचन अधिकारी

भाषा ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिये जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का नामांकन पत्र भ्रष्टाचार के एक मामले में ''नैतिक अधमता'' के अपराध में दोषी ठहराए जाने और अन्य कारणों से खारिज कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) ने इसकी जानकारी दी। नैतिक अधमता (नैतिक रूप से भ्रष्ट आचरण) का आशय ऐसे कृत्य से है



पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले बड़ा झटका

जिससे समुदाय की भावना या स्वीकृत व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन होता है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने शनिवार को (पीटीआई)के 71 वर्षीय संस्थापक और कई लोगों के नामांकन रद कर दिए।

### आतंक के कारण मौतों में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज

पाकिस्तान में 2023 के दौरान आतंकवाद के कारण मौतों की संख्या में ''अभूतपूर्व'' वृद्धि दर्ज की गई, इस्लामाबाद स्थित 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) द्वारा तैयार की गई वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में पाकिस्तान में 789 आतंकी हमलों और आतंकवाद-रोधी अभियानों में कम से कम 1,524 लोगों की मौत हुई जबकि 1,463 लोग घायल हुए।

## मणिपुर के थौबल में 3 लोगों की हत्या, 5 जिलों में फिर कर्फ्यू लगा

■ हमले के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया

भाषा ▶▶| इंफाल

मणिपुर के थौबल जिले में सोमवार शाम को तीन लोगों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके बाद राज्य के पांच जिलों में फिर कर्फ्यू लागू कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमालवरों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने लिलोंग चिंगजाओ क्षेत्र में स्थानीय लोगों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद थौबल, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर जिलों में फिर कर्फ्यू लागू कर दिया गया है।

### जयशंकर जाएंगे नेपाल, पीएम प्रचंड का ऐलान

## भारत और नेपाल करेंगे एक दीर्घकालिक बिजली समझौता

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि इसी सप्ताह होने वाली भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की यात्रा के दौरान भारत



और नेपाल एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। नेपाल बिजली उत्पादन के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रहा है। प्रचंड की भारत यात्रा के लगभग 6 महीने बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच बिजली समझौता होगा।

### प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान बनी थी सहमति

नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान लंबी अवधि के लिए बिजली समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत नेपाल से अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के लिए सहमत हुआ है। प्रचंड का कहना है कि नेपाल पनबिजली सेक्टर में बड़ा बदलाव ला रहा है। नेपाल इस समय भारत को 450 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है। इसे अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भारत और नेपाल ने पहले ही एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

### और बढ़ेगी ताकत — सबसे ताकतवर लड़ाकू विमान को किया जा रहा अपडेट

## 2045 तक वायुसेना के बेड़े में बना रहेगा सुखोई-30

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन एयरफोर्स सुखोई -30 एमकेआई फाइटर जेट को अगले 20 साल तक बेड़े में शामिल रखने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जेट में कई टेस्ट और बदलाव किए जा रहे हैं। वायु सेना के अधिकारियों ने कहा कि सुखोई को अपग्रेड करने के लिए एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) की मदद ली जा रही है। यह रूसी फाइटर जेट सितंबर 2002 से वायु सेना में शामिल है। रूस के फाइटर जेट्स की एयरफ्रेम और दूसरे कंपोनेंट्स काफी मजबूत होते हैं। इसको लेटेस्ट एवियोनिक्स, हथियार और देश में



तैयार हुए विरुपाक्ष रडार से लैस किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारतीय वायुसेना सक्रिय रूप से अपने उपकरण सूची को स्वदेशी बनाने के मिशन पर काम कर रही है। जल्द ही भारतीय कंपनियों से 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के उपकरण खरीदने की तैयारी में है।

### खरीदे जाएंगे 12 सुखोई फाइटर जेट

सितंबर 2023 में भारत सरकार ने 45,000 करोड़ रुपए के नौ रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। इसके तहत 12 सुखोई लड़ाकू प्लेन (एसयू-30 एमकेआई ) और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें ध्रुवास्त्र खरीदी जाएंगी। साथ ही डोर्नियर विमान का अपग्रेडेशन किया जाएगा। वहीं, नवंबर 2023 में बाड़मेर के उतरलाई एयरबेस पर तैनात मिग-21 की एक स्क्वाड्रन को सुखाई-30 एमकेआई की स्क्वाड्रन से रिप्लेस किया गया था। इस एयरबेस पर सुखाई-30 एमकेआई की दो स्क्वाड्रन तैनात हैं। बाड़मेर जिले में पिछले 9 साल में 8 मिग क्रैश हो चुके थे। इसके बाद मिग-21 को एयरबेस से हटाने की चर्चा शुरू हुई थी। हालांकि देश में उतरलाई के अलावा बाकी जगहों पर मिग-21 की तैनात है।

### तड़के सुबह रूस ने यूक्रेन पर बरसाए 90 ड्रोन

**कीव।** रूस के सीमावर्ती शहर बेलगोरोड में 21 लोगों के शनिवार को मारे जाने के बाद नए वर्ष के पहले दिन रूस ने यूक्रेन पर 90 ड्रोन से हमला बोला। हालांकि, यूक्रेन की वायुसेना की ओर से कहा गया है कि इनमें से 87 को मार गिराया गया। मॉस्को और कीव के बीच तेज होते संघर्ष के बीच पहले दिन हमले में यूक्रेन के दक्षिणी ओडेशा क्षेत्र और रूसी कब्जे वाले दोनेत्सक के पूर्वी क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हो गई है। दोनेत्सक क्षेत्र में डेनिश पुसिलिन ने यूक्रेन पर भारी गोलाबारी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की ओर से कई राकेट दागे गए।

उन्होंने कहा कि चार लोगों की मौत हुई जबकि 14 लोग घायल हुए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25